21- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/22/2025 12:00 AM Page 1



# बिलासपुर भूमि







# पारा 43 पार, सड़कें हुईं वीरान


बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 10 मई को



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा निर्देशानुसार आगामी 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला न्यायालय में सभा भवन में बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेष कुमार कैतरप, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विजेन्द्र सोनवानी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के जिला सचिव अनिल कुमार चौहान सहित अन्य एडीजे एवं मजिस्ट्रेट मौजूद थे। बैठक में 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण रखने एवं उनके निराकरण करने पर चर्चा की गई।

## गर्मी से घरों में दुबक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अधिकतम तापमान में 43.4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो जाने से शहर में पड़ रही जला देने वाली गर्मी ने सड़कों को दोपहर में वीरान कर दिया है। अपना जरूरी काम सुबह नौ बजे से पहली ही पूरा कर लेने के बाद शहरवासी दोपहर में घर से लगभग नहीं निकल रहे हैं। इसके विपरीत शाम 6 बजे के बाद शहर की सड़कों पर लोगों का हुजूम उमड़ रहा है, जो देर रात तक देखा जा सकता है।

गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। दिन ब दिन अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान एक ओर जहां दिन में लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है, वहीं न्यूनतम तापमान की भी लगातार बढ़ोतरी रात में भी लोगों का चैन छीन रही है। शहर में सोमवार को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया है, जिसके असर से लोगों को भारी उमस और चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

इधर भीषण गर्मी के कारण शहर के लगभग सभी बाजार शाम होने के बाद ही सज रहे हैं। शहरवासियों की भारी भीड़ के कारण शहर के बाजारों में रात ग्यारह बजे तक भी रौनक देखी जा सकती है। मौसम विभाग द्वारा अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री तक रहने की संभावना जाहिर की गई है। इसके साथ ही 25 मई तक मध्य छत्तीसगढ़ में लू चलने की संभावना भी जताई गई है। ऐसी स्थिति में यह तय है कि शहर के लोगों को फिलहाल गर्मी से निजात नहीं मिलने वाली है।

### टिफिन लेकर जाने लगे लंच में घर जाने वाले लोग

शहर के निजी व शासकीय संस्थानों में काम करने वाले ऐसे कर्मचारी व अधिकारी जो लंच के लिए अपने-अपने घरों को जाते थे। इन्होंने भी बढ़ते तापमान को देखते हुए भरी दुपहरी में घर न जाकर आफिस में ही बैठकर लंच करना मुनासिब समझ लिया है। लिहाजा 90 प्रतिशत कर्मचारी आफिस में ही लंच करते नजर आ रहे हैं।

## एक ही दिन में 37 को हीटस्ट्रोक

तापमान अधिक होते ही हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है, सोमवार को सिम्स में एक ही दिन में 37 मरीज हीटस्ट्रोक की शिकायत लेकर पहुंचे। जिसके बाद प्रबंधन हरकत में आते हुए ट्राइएज और आईसीयू में बेड की संख्या बढ़ा दी है।

सोमवार को सिम्स की ओपीडी में अच्छी खासी भीड़ रही, इस दौरान मेडिसीन विभाग में 417 मरीज का पंजीयन किया गया। एचओडी और अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते लोगों में हीट स्ट्रोक की समस्या देखी जा रही है। लू लगने के कारण बुखार आना, जी मचलना, पेट दर्द की शिकायत बनी हुई है। डिहाइड्रेशन में कई लोगों को दस्त और उल्टी भी हो रही है। सोमवार को 110 मरीजों को हीट स्ट्रोक की समस्या हुई है। ऐसे में मेडिसीन विभाग में मरीजों का इलाज किया गया है। एकाएक तापमान बढ़ने के कारण लोगों में यह समस्या आ रही है, ऐसे में आपातकालीन स्थिति नहीं बने, इसका प्रबंध किया गया है। इसमें से 37 मरीजों की हालत नाजूक रही है, जिनको मेडिसीन विभाग के अलग-अलग वार्ड में भर्ती किया गया है।

■ सिम्स में बढ़ाई गई बिस्तरों की संख्या

### डीन और अधीक्षक ने किया निरीक्षण

डीन डॉ रमणेश मूर्ति और अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने वार्ड और अस्पताल का निरीक्षण किया। सिनियर डाक्टरों के साथ विभाग एवं वार्ड की समस्या की समीक्षा ली। इस दौरान हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिये मेडिसीन विभाग के आईसीयू व शिशुरोग विभाग के पीआईसीयू में अतिरिक्त चार-चार बेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। अधीक्षक डॉ सिंह ने बताया कि वार्डों अनुकूलता बनाए रखने के लिए 207 कूलर चालू किए गए है। वहीं 35 नए कूलरों मंगाए जा रहे है।

### तैयारी रखने कहा गया

डाक्टरों की कमी जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। रोस्टर के अनुसार मेडिसीन सहित ओपीडी और आईपीडी के मरीजों को डाक्टर देख रहे है। गर्मी बढ़ने के कारण ट्राइएज और आईसीयू में बेड बढ़ाई गई है। हर स्थिति के लिए तैयारी रखने के निर्देश दिए गए है।

**- डॉ रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

## भीषण गर्मी में स्कूल जाने की मजबूरी



पारा 44 डिग्री तक पहुंच रहा है, लेकिन बच्चों को स्कूल जाने की मजबूरी है, जिस गर्मी में बड़े भी बाहर निकलने में डर रहे हैं, वहां भारी बस्ता लादे बच्चे क्लास अडैंट कर रहे हैं। खासकर छोटी कक्षा (नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक) के बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अधिकारियों का ध्यान नहीं है। गर्मी के कारण क्लासेस जरूर सुबह 7 से 11 बजे तक की गई है, लेकिन सूरज की तपिश तो सुबह 8 बजे से ही लगनी शुरू हो जा रही हैं। बच्चों के स्कूल से लौटने के दौरान समय 11.30 या 12 भी बज जाता है, ऐसे में बच्चों की मुश्किल को समझा जा सकता है। कुछ स्कूलों में पंखे तो लगे हैं, लेकिन वे चल नहीं रहे हैं, जिससे बच्चों को जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। लिहाजा अब स्कूलों में गर्मी की छुट्टी की मांग उठने लगी है।

### चेंबर आफ कामर्स ने की स्कूलों की छुट्टी की मांग

गर्मी की छुट्टी देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भी प्रशासन को पत्र लिखा है। पत्र में प्रदेश के सभी स्कूलों में तत्काल ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता द्वारा भेजे गए इस पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में प्रदेश का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है, जिससे खासकर छोटे कक्षा (नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक) के बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चेंबर आफ कामर्स के उपाध्यक्ष डॉ. नवदीप सिंह अरोरा ने कहा है कि कई स्कूलों से छोटे बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों दोनों में चिंता का माहौल है। छोटे बच्चे न तो गर्मी को ठीक से सहन कर पाते हैं, इसलिए राज्य सरकार तुरंत प्रभाव से सभी शासकीय और निजी स्कूलों के लिए गर्मी की छुट्टियां घोषित करे। यदि छुट्टियां तुरंत घोषित नहीं की जातीं, तो कम से कम कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को स्कूल आने से अस्थायी रूप से छूट दी जाए या स्कूल समय में परिवर्तन कर उसे सुबह के समय तक सीमित किया जाए।

# कानन जू के व्हाइट टाइगर आकाश ने तोड़ा दम





पोस्टमार्टम में मिली हार्ट फेल की जानकारी

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी मीडियम जू में सोमवार की सुबह व्हाइट टाइगर आकाश ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट फेल होने की जानकारी मिली। कानन जू के अधिकारियों की मौजूदगी में व्हाइट टाइगर का अंतिम संस्कार किया गया।

सोमवार की सुबह कानन पेण्डारी जू में साफ-सफाई करने के लिए स्टाफ पहुंचे थे। वन्यप्राणियों के केज के साथ टाइगर के केज में भी सफाई की जा रही थी। इस दौरान स्टाफ ने देखा कि अपनी मां और बहन के साथ एक केज में साथ रखा गया व्हाइट टाइगर आकाश घूम फिर रहा था। अचानक सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर 10 वर्षीय व्हाइट टाइगर आकाश की तबीयत बिगड़ी और 9 बजकर 11 मिनट पर उसने दम तोड़ दिया। सुबह तक आकाश पूरी तरह से स्वस्थ घूम रहा था, लेकिन अचानक उसकी मौत होने की खबर से कानन प्रबंधन और डॉक्टर भी आश्चर्य में पड़ गए। घटना के बाद जिला स्तरीय चिकित्सकीय समिति की तीन सदस्यीय पशु चिकित्सा दल एवं वन्यप्राणी चिकित्सक कानन पेण्डारी जू पहुंचे। डॉ. पीके चंदन ने अपनी मां और बहन के साथ रह रहे मृत आकाश को अलग कर रेस्क्यू कर लाया, जहां उसका पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान कानन पेण्डारी जू के मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक बिलासपुर, संचालक कानन पेण्डारी जू, कानन जू के अधीक्षक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं एक स्वतंत्र बाह्रा विशेषज्ञ मंसूर खान अध्यक्ष नेचर बायोडायवर्सिटी एसोसिएशन भी मौजूद थे। सभी की उपस्थिति में पोस्टमार्टम करने के बाद आकाश की मौत का कारण कांगेस्टिव हार्ट फेलियर की जानकारी मिली। पोस्टमार्टम करने के बाद व्हाइट टाइगर का दाह संस्कार कर दिया गया।

### एक माह पहले लायन भीम की मौत

कानन पेण्डारी जू में इस वर्ष चार माह के दौरान मरने वाले वन्यप्राणियों की संख्या तीन हो गई है। जनवरी माह में भालू ने कानन पेण्डारी में दम तोड़ा था। इसके बाद कई दिन से लायन भीम काफी बीमार चल रहा था, जिसके उपचार की प्रक्रिया गुजरात के डॉक्टर से कराई जा रही थी। डॉक्टर की निगरानी में उपचार और दवाई चलने के बाद भी फरवरी माह में लायन भीम ने दम तोड़ दिया। इसके बाद सोमवार 21 अप्रैल को व्हाइट टाइगर आकाश की जान चली गई।

### बच गए दो व्हाइट टाइगर

कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क में वर्तमान में तीन व्हाइट टाइगर थे, इनमें से दो मादा और एक नर था। इनमें से एक व्हाइट टाइगर आकाश ने सोमवार को दम तोड़ दिया, जिसके बाद अब दो व्हाइट टाइगर बचे हुए हैं। दो मादा में एक 10 वर्ष की बाघिन है। आकाश का जन्म बिलासपुर के कानन पेण्डारी जू में ही हुआ था। इनके परिवार की वंशवृद्धि के लिए कानन जू प्रबंधन को एक स्वस्थ और व्यस्क सफेद टाइगर की आवश्यकता थी। व्हाइट टाइगर से ब्रीड़िंग के लिए मेल व्हाइट टाइगर की तलाश शुरू की गई। इसके लिए देशभर के जू में संपर्क किया गया था, जिसमें जानकारी मिली कि ग्वालियर वन्यप्राणी संग्रहालय में व्हाइट टाइगर की संख्या अधिक हो गई है और वे उन्हें देना चाहते हैं। कानन पेंडारी प्रबंधन ने इसका प्रस्ताव बनाकर सीजेडए को भेजा था, जहां से ने इसे मंजूरी दे दी गई है।

## कछुए के शिकार के मामले में महामाया मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष को मिली अग्रिम जमानत

# भड़के चीफ जस्टिस, कहा- डीएफओ कहां तक पढ़ा लिखा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



महामाया मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा को कछुए से शिकार के मामले में अग्रिम जमानत मिल गई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने जमानत देते हुए वन विभाग के डीएफओ पर वन्य जीव अधिनियम के सही जानकारी नहीं होने पर फटकार भी लगाई है। इस मामले में वन विभाग ने ट्रस्ट के उपाध्यक्ष और सफाई करने वाले ठेकेदार समेत अन्य के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 9 के तहत शिकार का अपराध दर्ज किया था। इसमें दो आरोपियों की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने माना कि वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट की धारा 9 ट्रस्ट के उपाध्यक्ष पर लागू नहीं होती। डीएफओ के खिलाफ भी टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने कहा कि डीएफओ एक आईएफएस होता है, उसके पास क्या डिग्री है, न तो उसे वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9 पता है और न ही 39 और 49, किस तरह से उसने एफआईआर करवाई है।

ध्यान रहे कि इस अग्रिम जमानत याचिका पर पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने वन विभाग से डायरी की मांग की थी। सोमवार को याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि जिस वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 9 के तहत अपराध दर्ज किया गया वह एक्ट शिकार के लिए होता है। इस मामले में ना तो शिकार की बात सामने आई है ना ही ट्रैफिकिंग की। कछुए कहीं से लाने या ले जाने के दौरान पकड़े नहीं गए हैं। सफाई के दो दिन बाद बदबू आने पर मृत कछुओं को रिकवर किया गया है। इसमें सफाई कर्मियों से भी किसी तरह के साठगांठ की भी कोई बात मंदिर उपाध्यक्ष के खिलाफ नहीं है। आरोप बस इतना ही है कि याचिकाकर्ता ने सफाई के लिए ताला खुलवाने हेतु अनुमति दी। साथ ही मंदिर की सफाई एक अकेले उपाध्यक्ष का निर्णय नहीं था बल्कि ट्रस्ट की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था। ट्रस्ट के बैठक के निर्णय की प्रति भी अदालत को अधिवक्ता ने दिखाई।

⏭ शेष पेज 2 पर

### इस तरह तो मंदिर की तिजोरी लुटवा देंगे

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने पूछा कि कितने बजे सफाई के लिए अनुमति दी गई। बताया गया कि रात 12 बजे सफाई के लिए अनुमति दी गई तो फिर से चीफ जस्टिस ने पूछा कि रात को कौन सी सफाई होती है, जो इतनी रात को ताला खोला गया। इस तरह से तो आप मंदिर की तिजोरी लुटवा देंगे। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि नवरात्रि के चलते भक्तों की भीड़ रहती है इसलिए रात को ही सफाई करवाई जाती है। चीफ जस्टिस ने पूछा कि वहां मछली पकड़ने की अनुमति थी क्या? जवाब नहीं मिलने पर पूछा कि तो फिर वहां जाल कैसे मिला। इस पर कहा गया कि वो सफाई के लिए था न कि मछली पकड़ने के लिए। लोग मंदिर परिसर के कुंड में फूल पत्ती डालते हैं, पूजा का सामान विसर्जित करते हैं। कुंड में से फूल पत्तियों और रासायनिक सामग्रियों को बाहर निकालने के लिए जाल की जरूरत पड़ती है।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह मई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 मई से 31 मई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 अप्रैल 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर



प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100
नियम व शर्तें लागू

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि | ग्राहक प्रति | जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण लेने पुणे जाएंगे पीएमश्री सेजेस के शिक्षक 25 को

**बिलासपुर।** पीएमश्री सेजेस स्कूलों के अलग-अलग विषयों के व्याख्याताओं का चयन साइंस प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग एवं गणित विषयों के प्रशिक्षण के लिए किया गया है । तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएमश्री विद्यालयों से 132 व्याख्याता आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता देंगे। इस कार्यशाला में पीएमश्री समन्वयक छत्तीसगढ़ आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल को पुणे प्रस्थान करेगी। बिलासपुर संभाग से बिलासपुर, मुंगेली, पेंड्रा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, शक्ति जिले के 32 व्याख्याता शामिल होंगे। बिलासपुर जिले से विद्यालय में सक्रिय 5 व्याख्याताओं का चयन किया गया है। इसमें मनोज कुमार यादव व्याख्याता पीएमश्री चकरभाठा, आकांक्षा गुप्ता व्याख्याता पीएमश्री कोटा, बी रमालक्ष्मी राव व्याख्याता पीएमश्री कन्या सरकंडा, आकांक्षा गुप्ता पीएमश्री कोटा शारदा साहू, पीएमश्री मस्तूरी मोहम्मद आबिद अंसारी पीएमश्री तखतपुर का चयन किया गया है।






### भविष्य तभी उज्जवल होगा जब हम समय रहते सही दिशा दिखाएं : एसपी



**बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस द्वारा संचालित चेतना अभियान के तहत आओ संवारे कल अपना का शुभारंभ सोमवार को ग्राम महमंद में किया गया। इस अवसर पर एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि आज का युवा हमारा भविष्य है, लेकिन यह भविष्य तभी उज्जवल होगा जब हम उन्हें समय रहते सही दिशा दिखाएं। पुलिस केवल कानून व्यवस्था की जिम्मेदार नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भागीदारी भी हमारी प्राथमिकता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा ने कहा कि बच्चों के जीवन में तकनीक का उपयोग सीमित और विवेकपूर्ण होना चाहिए। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) रामगोपाल करियारे, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) शिवचरण सिंह परिहार, डीएसपी रोशन आहुजा, तोरवा थाना प्रभारी अभय सिंह बैस, भूपेंद्र गुप्ता (रक्षित निरीक्षक) सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण तथा ग्राम महमंद की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अरुणा चंद्र प्रकाश सूर्या, सरपंच श्रीमती पूजा निर्मलकर, उप सरपंच मनोज सिंह ठाकुर, पंच विक्की निर्मलकर, अमित रजक, माधव साहू, सहकारी समिति अध्यक्ष तिलक साहू, शत्रुघ्न साहू पंचरी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने राष्ट्रपति से की दोनों विवि में हस्तक्षेप की मांग

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने राष्ट्रपति और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल से गुरु घासीदास सेंटल यूनिवर्सिटी और अटल बिहारी बाजपेई यूनिवर्सिटी में हस्तक्षेप करने की मांग की है। श्री केशरवानी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि गुरु घासीदास सेंटल यूनिवर्सिटी और अटल बिहारी बाजपेई यूनिवर्सिटी में लगातार राष्ट्रीय व्याख्यान और कार्यशाला आयोजित किए जाते हैं, जिसका विषय ही राजनीति से प्रेरित होता है। ऐसे आयोजनों में करोड़ों खर्च किया जाता है और व्याख्यान को संबोधित करने संस्था विशेष से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया जाता है, लेकिन ऐसे व्याख्यानों से छात्र छात्राओं का कोई हित नहीं होता। श्री केशरवानी ने कहा कि आज के सेंटल यूनिवर्सिटी और मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह द्वारा प्रारंभ किए गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में जमीन आसमान का अंतर है। छत्तीसगढ़ राज्य अपने निर्माणकाल से ही शांति पूर्ण और सांप्रदायिक सद्भाव वाला राज्य रहा है। यहां के नागरिक आपसी भाईचारे को मानने वाले हैं। दोनों यूनिवर्सिटी के कुलपति विवादित हो चुके हैं इसलिए दोनों को यहां से हटाए जाने की जरूरत है।

### चक्रधरपुर रेल मंडल में ब्लाक से टाटानगर-बिलासपुर रद्द



**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने अब चक्रधरपुर रेल मंडल में ब्लाक के कारण टाटा-बिलासपुर और पटना-बिलासपुर ट्रेन को भी प्रभावित करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। रेलवे ने समर वेकेशन में यात्रियों के बाहर आने-जाने पर पाबंदी लगाने का पूरी तरह से फैसला ले लिया है। पिछले दो सप्ताह से लगातार ट्रेनों को रद्द करने का सिलसिला शुरू हो गया है। गर्मी की छुट्टियों में लोग जहां बाहर जाने का प्लान करते हैं, वहीं ट्रेन की हालत ऐसी है कि कभी भी किसी भी समय रेलवे से नोटिफिकेशन जारी होते ही अचानक रोक दी जा रही है। इसकी वजह से यात्रियों को भी काफी निराशा होने लगी है। वर्तमान में रेल प्रशासन ने बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत रायगढ़ से कोतरलिया रेलवे स्टेशन के बीच चौथी लाइन और यार्ड मॉडिफिकेशन करने के लिए 11 से 25 अप्रैल यानि 16 दिन तक हावड़ा-मुम्बई की मुख्य ट्रेनों के पहियों को रोक दिया है। इन ट्रेनों के रद्द करने के कारण कुछ चुनिंदा और साप्ताहिक ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। यह ऐसे यात्री हैं, जिनको मजबूरी में कहीं आना-जाना है। रेलवे बोर्ड की पाबंदी के बावजूद भी स्लीपर कोच में ठूंस ठूंसकर यात्री सफर कर रहे हैं। 25 अप्रैल तक रद्द होने वाली ट्रेनों के पहियों को रोकने में अभी चार दिन और बाकी हैं। रद्द 36 ट्रेनों के पहिए पटरी पर वापस दौड़ने के बाद 25 अप्रैल से मई तक बिलासपुर से नागपुर के बीच चल रहे तीसरी लाइन की वजह से 50 एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, पैसेंजर और लोकल ट्रेनों को रोककर तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के यात्रियों को परेशान किया जाएगा। यह नोटिफिकेशन पूर्व में जारी किया जा चुका है। इसी तरह सोमवार की शाम को जोन मुख्यालय से जारी आदेश के अनुसार चक्रधरपुर मंडल के मानिकुई व कुनकी सेक्शन में मेगा ब्लाक के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनें 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 30 अप्रैल को और एक मई को 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस को रद्द करने का निर्णय लिया गया है।

# 2011 से स्कूल भवन तो है लेकिन अब तक मिडिल स्कूल संचालित नहीं

**बिलासपुर।** गांव में बच्चों की पढ़ाई के लिए 2011 से स्कूल भवन तो बना दिया गया है। इसके बावजूद यहां मिडिल स्कूल की पढ़ाई नहीं होती। आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को 6 किमी का फासला तय कर दूसरे गांव जाना पड़ता है। मामले की शिकायत सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर के जनदर्शन में पहुंचकर गांव में मिडिल स्कूल संचालित करने की मांग की है। मामला तखतपुर के ग्राम पंचायत खजुरी नवागांव की है।

कलेक्टर अवनीश शरण ने सोमवार को साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को सुना और निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदन भेजते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। साप्ताहिक जनदर्शन में आज तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खजुरी नवागांव के सरपंच एवं ग्रामवासियों ने गांव में मीडिल स्कूल संचालन कराने आवेदन दिया। उन्होंने



बताया कि वर्ष 2011 से गांव में स्कूल भवन बना पड़ा है लेकिन अब तक मिडिल स्कूल संचालित नहीं हुआ है। स्कूली बच्चे प्राथमिक शाला की पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए नेशनल हाईवे रोड से पैदल 6 किमी देवरी सकरी जाते हैं। कलेक्टर ने आवेदन डीईओ बिलासपुर को भेजते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत घुटकु के सरपंच एवं ग्रामीणों ने पानी की समस्या दूर करने की मांग की। कलेक्टर ने आवेदन पीएचई विभाग के ईई को भेजते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। ब्लाक मस्तूरी के ग्राम लोहर्सी के ईश्वर डहरिया ने आवास निर्माण के समय बिजली खंभा से होने वाली परेशानी से संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिए। उन्होंने बताया कि बिजली का तार उनके घर के ऊपर से ही गुजर रहा है खंभा गिरने से कभी भी हादसा हो सकता है। इस मामले को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ग्रामीण को भेजा गया। विकासखंड बिल्हा के भैसबोड़ के वेदराम बंजारे द्वारा उनकी 0.20 डिसमील जमीन को ऑनलाईन चढ़ाने संबंधी आवेदन कलेक्टर के समक्ष दिया गया है। इस मामले को एसडीएम बिल्हा देखेंगे।

# तीन सौ रुपए मासिक में बोर मालिक से पानी खरीद रहे सौ परिवार

**बिलासपुर।** शहर से लगे ग्राम पंचायत घुटकू में तालाब, बोर, हैंडपंप पूरी तरह सूख चुके हैं। नहाने तो दूर पीने तक के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। हालत यह है कि पानी की भारी समस्या से बचने घुटकू के सौ परिवार तीन सौ रूपए मासिक की दर पर गांव के ही बोर मालिकों से पानी खरीद रहे हैं। ये सौ परिवार ऐसे हैं, जो पानी खरीदने की हैसियत रखते हैं। शेष परिवारों को एक किलोमीटर दूर स्थित तालाब जाना पड़ता है।

- ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

भीषण गर्मी के असर से पानी की किल्लत तो अब आम बात हो गई है, लेकिन कुछ गांवों में स्थिति इतनी भयावह है कि लोग जीवन यापन करने के लिए पानी खरीद कर इस्तेमाल कर रहे हैं। शहर से लगे ग्राम पंचायत घुटकू में हालत कुछ ऐसी ही है। घुटकू के वार्ड क्रमांक 12 बंधवापारा में तालाब, बोर, हैंडपंप पूरी तरह सूख चुके हैं। यहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई गई पानी की टंकी भी बोर फेल हो जाने के कारण सूखी की सूखी है। लिहाजा ग्रामीणों को एक किलोमीटर दूर गांव के दूसरे मोहल्ले में स्थित तालाब में निस्तारी करनी पड़ रही है। सोमवार को कलेक्टर अवनीश शरण से मिलकर ग्रामीणों ने अपनी समस्या से अवगत कराया।

### तुम्हारे गांव तो में दारू बहुत बिकती है, पानी का क्या करोगे? दारू पियो

पानी की भारी कमी से जूझ रहे ग्रामीण सोमवार को अपनी समस्या का समाधान पाने कलेक्टोरेट आए थे। इस दौरान जिले के एक उच्चाधिकारी ने ग्रामीणों को ऐसे बिगड़े बोल सुनाए कि उनकी बोलती ही बंद हो गई। अधिकारी ने कहा कि घुटकू में तो दारू बहुत बिकती है, तो तुम्हें पानी की क्या जरूरत है? दारू ही पियो। इतना सुनना था कि ग्रामीण उल्टे पांव अधिकारी के चेंबर से लौट आए।

### बकायदा पाइप लाइन बिछाकर बेचा जा रहा पानी

गांव में तीन ग्रामीण ऐसे हैं, जिनके अपने निजी बोर हैं। इनके बोर में पर्याप्त पानी है। पानी की किल्लत से बचने के लिए लगभग सौ परिवार इनसे पानी खरीदते हैं। पानी की उपलब्धता के लिए खरीदारों ने आपस में मिलकर मोटे पाईप खरीदे हैं। इन्हें गड्ढा खोदकर दबाया गया है। ऐसे प्रत्येक घर, जिन्हें पानी चाहिए उन्हें बकायदा कनेक्शन दिया गया है। इसके एवज में प्रत्येक कनेक्शन के पीछे तीन सौ रूपए मासिक शुल्क लिए जाता है। इतना ही नहीं, बल्कि सुबह और शाम बोर चालू कर पानी की सप्लाई भी की जाती है।

सीएसआईडीसी द्वारा किया जाना है निर्माण, 80 से अधिक उद्योगों की स्थापना में बाधा

# 300 मीटर सड़क में उलझे विभाग, 10 साल में आबाद नहीं हो सका सेक्टर डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा में औद्योगिक क्षेत्र बसाने का सपना सालों से लंबित है। महज 300 मीटर सड़क बनाने में ऐसा पेंच फंस चुका है कि निजी जमीन मालिक, सीएसआईडीसी और नगर निगम के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होती रही है। वहीं सड़क नहीं बनने से 5 करोड़ के सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसे काम ध्वस्त होने के कगार में पहुंच चुके हैं।

औद्योगिक क्षेत्र तिफरा के सेक्टर-डी को यदुनंदन नगर से जोड़ने 300 मीटर रोड निर्माण अब तक लंबित है। नगर निगम, सीएसआईडीसी, निजी जमीन मालिकों के बीच फंसी जमीन पर सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। सेक्टर डी की प्रस्तावित एप्रोच सड़क का मामला 7 साल से लंबित है। दरअसल साल 2015 में सीएसआईडीसी ने औद्योगिक क्षेत्र यानी सेक्टर डी बनाकर 80 से अधिक लघु व मध्यम उद्योगों को बसाने का सपना देखा। उद्योग खोलने और व्यापारियों को भूमि आबंटर किया जाना था, लेकिन सबसे बड़ी समस्या जमीन आबंटन के बाद सड़क का निर्माण किया जाना था, सीएसआईडी ने आधी-अधूरी सड़क ही बनाई। मंडपम नाम के शादी घर के किनारे से यदुनंदन नगर तिफरा होते हुए कई कॉलोनी को जोड़ने के लिए रोड का निर्माण करवाया जाना था, लेकिन यहीं मामला फंस गया।



तिफरा बस स्टैंड से सेक्टर डी जाने वाली सड़क।

### 5 करोड़ रूपए हो चुके हैं खर्च

सेक्टर डी को संवारने के लिए सीएसआईडीसी को 10 करोड़ की स्वीकृति मिली थी, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने 4 करोड़ 90 लाख का टेंडर कर 3 किमी सड़क बनाई है। मुख्य मार्ग की तरफ आधी अधूरी और कॉलोनी की तरफ पूरी तरह बनाई गई है। रोड का उपयोग शराबियों के लिए हो रहा है। उद्योग की जगह शराब का ठेका खुल चुका है और सड़क पर बोतल, डिस्पोजल और कचरा दिख रहा है। कॉलोनी और आसपास के लोगा कच्ची सड़क से आना जाना करते है। कई बार निजी जमीन मालिक द्वारा अवरोध भी पैदा किया जाता है, जिससे नगर निगम और सीएसआईडी विभाग द्वारा निबटारा कराया जाता है।

### यह है योजना

साल 2015 में औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया था। 75 से 80 नए उद्योगों के लिए जमीन आबंटन कर पानी, बिजली की व्यवस्था की जानी थी। 76 एकड़ जमीन को टुकड़ों में काटकर उन युवाओं को उपलब्ध करा आत्मनिर्भर बनने की योजना फाइलों में ही रह गई है।

### सीएसआईडीसी बनाएगी सड़क

2018 में पूरा क्षेत्र को नगर निगम में शामिल हो चुका है लेकिन फिलहाल इस बात का निर्णय नहीं हो सका है कि यहां सड़क कौन बनाएगा और मुआवजा कौन देगा। यही कारण है कि मामला फंसा हुआ है। बताया जा रहा है कि सीएसआईडीसी विभाग को ही 300 मीटर सड़क का निर्माण करना है।

# शाह जिला उद्योग संघ के नए अध्यक्ष बने



**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ द्वारा सतीश शाह को वर्ष 2025 के लिए नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जिसका सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। जिला उद्योग संघ की वार्षिक चुनावी सभा का आयोजन 20 अप्रैल को सीएमडी चौक स्थित उद्योग भवन में आयोजित किया गया। इसमें निर्वाचन अधिकारी हरीश केडिया, विनोद अग्रवाल एवं अरुण अग्रवाल के निर्देशानुसार सभा की कार्यवाही शुरू गई।

संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा उद्योग संघ के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों को सभी के सामने रखते हुए सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। महासचिव शरद सक्सेना ने वर्ष भर के कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष राम सुखीजा ने वर्ष भार के आय व्यव की जानकारी दी। जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया। तत्पश्चात चुनाव की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारियों द्वारा आरम्भ की गई। जिसमें जिला उद्योग संघ के नए अध्यक्ष के लिए आभा पॉवर एंड स्टील लिमिटेड के डायरेक्टर सतीश शाह के नाम का प्रस्ताव आया। जिसे सभी सदस्यों ने सहमती प्रदान की। निर्वाचन अधिकारियो ने जिला उद्योग संघ के वर्ष 2025 के लिए सतीश शाह को संघ का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया। ज्ञात हो की जिला उद्योग संघ की स्थापना 1975 में हुई थी और तब से आज तक सर्व सम्मति से अध्यक्ष का चुनाव होता आया है। चुनावी सभा में अरविन्द गर्ग, सुनील मारदा, अनिल अग्रवाल, अजय जाजोदिया, बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ट उपाध्यक्ष एएस राजू, नवनीत अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, उद्योगपति हरीश शाह, सुभाष अग्रवाल, गिरिराज गुप्ता, विकास केजरीवाल, डॉ सीएस गंभीर, सुनील सुल्तानिया, ममिदी साई किरण, शरद कुमार गुप्ता, प्रवीण ठाकुर, राजकुमार चहल, दिनेश शर्मा, अमित जयसवाल, अशोक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, ललित पटेल किशोर पटेल, निलेश पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, काँटी लाल पटेल, नरेश पटेल, शंकर मनचंदा, प्रवीण पटेल, प्रकाश त्रिवेदी, योगेश गुप्ता, कोटेश्वर राव, विष्णु मुरारका, रितेश गुप्ता, मुकेश लालचंदानी आदि मौजूद थे।

### सलूजा के कार्यकाल को सभी ने सराहा

इस अवसर पर अनिल सलूजा के कार्यकाल को सभी सदस्यों ने यादगार बताया। इंडस्ट्रीज एरिया में रोड नाली के काम जो पिछले कई वर्षों से नहीं हुए थे 15 करोड़ की लागत से वह कार्य शुरू हो गया। उद्योग से संबंधित सभी विभागों से संवाद स्थापित कर उद्योगपतियों की काफी कठिनाइयों को दूर किया गया।

# एलन बिलासपुर के 30% विद्यार्थी जेईई एडवांस के लिए चयनित

**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी किए गए जेईई-मेन अप्रैल के परिणाम और आल इंडिया रैंक में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट बिलासपुर के स्टूडेंट्स ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सेंटर हेड शुभम नंदवाना ने बताया कि इसमें कोमल मांगतानी ने 99.6530568 पर्सेन्टाइल के साथ एआईआर-5464, महक अग्रवाल, 98.9871923 के साथ एआईआर-15695, और रजत साहू ने 98.9430111 पर्सेंटाइल के साथ 16433 हासिल की। वहीं धीरज चौहान ने 97.8960603 (एआईआर-32254), अर्नव प्रसाद ने 97.1173410, एआईआर-44095 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए। एलन बिलासपुर में जेईई के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों में से 30% विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए पात्रता प्राप्त की। एलन छत्तीसगढ़ से हर्शल गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी कैटेगरी में 99.9619472 के साथ आल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। वहीं किंशुक केडिया ने एआईआर-696 और हर्श कुमार ने एआईआर-1130, अक्षत गोयल ने 1244, पृथ्वी देवांगन 1407, तनिषा अग्रवाल ने एआईआर 1486 प्राप्त की। गौरतलब है कि तनिषा अग्रवाल, प्रद्युम्न गोंडुले और तेजस साहू ने फिजिक्स में 100 पर्सेन्टाइल स्कोर किए। 130 स्टूडेंट्स जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि नेशनल रिजल्ट्स में टॉप-100 रैंक में एलन के 31 स्टूडेंट्स ने सफलता हासिल की। इनमें 300/300 अंक लाने वाले एलन कोटा क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा ने ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त की है। एनटीए की ओर से जारी परिणामों में ओवरऑल 100 परसेंटाइल स्कोर पर एलन कोटा के ओमप्रकाश बेहरा को आल इंडिया रैंक-1, सक्षम जिंदल ने एआईआर-10, अर्नव सिंह ने एआईआर-11, राजित गुप्ता ने एआईआर-16, मो. अनस ने एआईआर-17, लक्ष्य शर्मा-एआईआर-22 हासिल की है।





एजुकेशन प्लस

# चौकसे कॉलेज के छात्रों ने किया ड्रग रिसर्च सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण




**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के विद्यार्थियों ने रायपुर स्थित ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी एवं रिसर्च सेंटर का औद्योगिक भ्रमण किया। यह दौरा छात्रों को औषधि परीक्षण और अनुसंधान की वास्तविक प्रक्रियाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से कराया गया। छात्रों को इस भ्रमण में अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, परीक्षण उपकरणों और अनुसंधान प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। छात्रों ने एचपीएलसी, जीसी-एमएस, माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षण जैसी तकनीकों का अवलोकन किया। औषधि की गुणवत्ता नियंत्रण एवं सुरक्षा से संबंधित पहलुओं को समझा। वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. नागेंद्र सिंह चौहान ने छात्रों को अनुसंधान, गुणवत्ता नियंत्रण और नियामक मानकों का महत्व बताया। रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिक अरुण परिहार और चंदन साहू ने छात्रों को दवा परीक्षण की जटिलताओं, अनुसंधान विधियों और नियामक आवश्यकताओं की जानकारी दी। यह भ्रमण चौकसे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा, वर्षा बर्मन, आलोक दुबे की निगरानी में हुआ। चौकसे कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ.आशीष जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं, और उन्हें भविष्य में अनुसंधान एवं औद्योगिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मंतोष कुमार सिन्हा व कॉलेज के रजिस्ट्रार ने कहा कि यह भ्रमण छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा।

एडमिशन के लिए प्रथम चरण में ऑनलाइन 1,04,317 आवेदन मिल चुके

# अनाथ बच्चों को आरटीई में मिलेगा विशेष प्राथमिकता से एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। इसमें महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

- बीपीएल को देना होगा आय प्रमाण पत्र

प्रवेश के लिए आवेदन पत्र के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमओ) द्वारा जारी पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र देना होगा। इसी तरह बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जाएगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अधिकारियों के मुताबिक आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम से होगा। यानी कंप्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जाएगा। गौरतलब है कि आरटीई के तहत एडमिशन के लिए प्रथम चरण में ऑनलाइन 1,04,317 आवेदन मिल चुके हैं। हालांकि अभी दूसरे चरण में आवेदन करने की तिथि निर्धारित है, लेकिन आवेदन शुरू नहीं हुए। दरअसल, पहले चरण की अंतिम तिथि आठ अप्रैल को थी। अधिकारियों के मुताबिक 2025-26 सत्र में प्रदेशभर के 6,732 स्कूलों की 51,978 सीटों में प्रवेश दिए जाएंगे। इसमें अब 25 अप्रैल तक नोडल अधिकारी मिले दस्तावेजों की जांच करेंगे। लॉटरी से सीटों का आवंटन एक और दो मई को किया जाएगा। इसके बाद पांच से 30 मई तक चिह्नित स्कूलों में लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश देने की प्रक्रिया चलेगी।




### दोगुना आवेदन, फिर भी 8 हजार सीटें खालीं

गौरतलब है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत बीते सत्र निजी स्कूलों में आठ हजार से अधिक सीटें खाली रह गई थीं। बीते सत्र में प्रदेशभर में 6,749 निजी स्कूलों में 54,367 सीटें थी, इनमें 46,219 में दाखिला हुआ। हालांकि एक लाख 22 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। फिर भी सीटें नहीं भर पाई हैं। यह स्थिति तब बनी है, जब सीटों की संख्या से दोगुना आवेदन आया था। बिलासपुर जिले में लगभग 552 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 6,000 सीटें आरक्षित हैं, जिनमें से लगभग 1,000 सीटें खाली रह गई थी। वहीं, इस सत्र भी ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

# जमीन विवाद: मोटवानी की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर।** जमीन विवाद मामले में जमीन दलाल नरेंद्र मोटवानी की जमानत याचिका जिला कोर्ट ने खारिज कर दी है। विशेष सत्र न्यायाधीश पूजा जायसवाल के कोर्ट में जमानत याचिका की सुनवाई थीं। जहां कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है।

इसी कोर्ट में नरेंद्र मोटवानी का एक केस और चल रहा है। इसके अलावा उन पर पहले भी अपहरण और जमीन कब्जा करने का मामला थाने में दर्ज है। दरअसल तोरवा मेनरोड पेण्डलवाल हास्पिटल के पास रहने वाली मीना गंगवानी की तोरवा में पुश्तैनी जमीन है। जिसमें उनके नाम से डूलाराम मोटवानी, उनके भाई नरेंद्र मोटवानी ने तहसील कार्यालय से फर्जी हस्ताक्षर के जरिए मीना गंगवानी का सीमांकन आवेदन लगा कर धोखाधड़ी कर उस जमीन पर अपना कब्जा बता कर जमीन की बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। मामले को लेकर मीना गंगवानी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। नरेंद्र मोटवानी व उसके भाई डुलाराम मोटवानी, महेंद्र मोटवानी, राजेन्द्र मोटवानी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वहीं नरेन्द्र मोटवानी फरार है।

पृष्ठ 1 का शेष...

### भड़के चीफ जस्टिस, कहा- डीएफओ कहां..

बयान में सफाई की बात, शिकार की पुष्टि की नहीं : सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने वन विभाग के अधिवक्ता से पूछा कि डीएफओ जो है वह कहां तक पढ़ा लिखा है, क्या डिग्री है उसके पास। किस तरह एफआईआर करवानी है यह भी उसको नहीं पता। जिसे वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9 के तहत आरोपी बनाया गया है उस पर यह एक्ट ( अपीलार्थी सतीश शर्मा) पर लागू ही नहीं होती। डीएफओ को न तो वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 39 पता है और न 49 के बारे में। किसके ऊपर एफआईआर और क्यों करवाई हैं यह भी उसको नहीं पता। एफआईआर भी उसने अज्ञात के नाम से करवा रखी है। कोर्ट को बताया गया कि अज्ञात के ऊपर एफआईआर करवाने के बाद विवेचना की गई है। अदालत ने पूछा कि विवेचना में क्या प्राप्त हुआ तो जवाब दिया गया कि मंदिर की ड्यूटी में तैनात नगर सैनिक का बयान लिया गया है। इसमें सफाई के लिए सतीश शर्मा द्वारा अनुमति की बात है। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि बयान में तो सफाई की बात है, इसमें शिकार के बात की कहां पुष्टि होती है।

## खबर संक्षेप

### रिहायशी इलाके की दुकान में लगी आग, टली बड़ी दुर्घटना



**पेंड्रा।** रिहायशी इलाके में स्थित नंदनश्री जनरल स्टोर में रात करीब 2 बजे भीषण आग लग गई। आग से दुकान का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह जल गया। दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान भी जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी। पेंड्रा नगर पालिका की फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड ऑपरेटर ने बताया कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। यह दुकान पेंड्रा से बिलासपुर-रतनपुर जाने वाली सड़क पर स्थित है। थोक बाजार के रूप में प्रसिद्ध इस दुकान में आग लगने के दौरान आसपास के घरों को सुरक्षा के लिए खाली करवाया गया। राहत की बात यह रही कि आग से आसपास के किसी भी घर को नुकसान नहीं पहुंचा।

### पार्थ ने गोल्ड मैडल प्राप्त कर किया प्रदेश का नाम रौशन



**मुंगेली।** इसरो के पूर्व वैज्ञानिक पार्थ तिवारी ने आईआईएम बैंगलूर में स्नातकोत्तर एक्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट ईपीजीपी में प्रथम स्थान प्राप्त कर मुंगेली के साथ छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है। मुंगेली निवासी पार्थ तिवारी ने भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलूर में स्नातकोत्तर एक्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट ईपीजीपी में प्रथम स्थान प्राप्त कर मुंगेली के साथ छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है। पार्थ तिवारी इसरो में वैज्ञानिक पद में चयनित होकर 7 वर्षो तक स्पेश टेक्नोलॉजी कार्य किया। इसके बाद वे इसरो को छोड़कर एआई टेक्नोलॉजी में अपना कदम बढ़ाया। पार्थ छत्तीसगढ़ के मुंगेली शहर के रहने वाले हैं। उनके पिता शासकीय विद्यालय में शिक्षक हैं, और उनकी मां गृहिणी हैं। श्री तिवारी प्रौद्योगिकी और व्यापार के चौराहे पर काम करके भारत को तकनीकी नवाचार, विशेष रूप से एयरोस्पेस और रक्षा में एक आत्मनिर्भर वैश्विक नेता बनने के अपने दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। उनका लक्ष्य एयरोस्पेस और रक्षा उद्योग में देश को अग्रणी बनाना है।

### मांगों को लेकर बीईओ से मिला शालेय शिक्षक संघ



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल विकास खंड शिक्षा अधिकारी कामेश्वर बैरागी से मिले तथा अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौपा। ज्ञापन का उल्लेख करते हुए जिला अध्यक्ष आशुतोष सिंह ठाकुर तथा ब्लॉक अध्यक्ष विजय जाटवर ने बताया कि विगत लम्बे समय से आधिकांशतः शिक्षकों की सेवा पुस्तिका तथा जी पी एफ पासबुक का संधारण नहीं हो पाया है जिसे संकुलवार शिविर आयोजित कर कम समय मे भी इसे पूरा किया जा सकता है। संगठन के प्रतिनिधि मंडल में शामिल सदस्यों को विकस खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द से जल्द समय सारिणी निर्धारित कर कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। विकास खंड शिक्षा अधिकारी से मिलने वाले प्रतिनिधि मण्डल मे आशुतोष सिंह ठाकुर विजय जाटवर मनोज पवार राकेश डहरे गणेश शिवहरे अवनीश तिवारी रामभुवन यादव राजेश तिवारी हीरालाल जांगड़े नितेश सोना राजा शामिल रहे।

# तेज धूप ने लोगों को किया बेहाल, 46 डिग्री पर पहुंचा पारा, सड़कें हुईं सूनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में बढ़ते तापमान व तेज धूप ने इन दिनों लोगों को बेहाल कर दिया है। अब तो लोगों को घर व ऑफिस में लगे पंखे व कूलर भी राहत नहीं दे रहे हैं। दोपहर को तो सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। व्यापारी भी अपनी दुकानों का शटर आधा गिराकर फर्श पर चटाई बिछाकर सोते नजर आते हैं।

मौसम का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। सुबह के 7 बजते ही धूप चुभने लगती है। सुबह 9 बजे काम में जाने वालों को भी तेज धूप से परेशानी हो रही है। दोपहर में सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू जैसा सन्नाटा रहता है। भीषण गर्मी में लग रही स्कूलों में बच्चे परेशान है। भीषण गर्मी में बच्चों के स्कूल जाने से बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर पालक



चिंतित है। एक ओर बढ़ते तापमान से सभी परेशान हैं, तो दूसरी ओर स्कूलों में लगाई जा रही क्लास से पालक चिंतित है। बढ़ते गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य को देखकर कुछ पालक अपने बच्चों को स्कूल नही भेज रहे है। किसानों का कहना है कि जितना अधिक तापमान होगा, गर्मी बढ़ेगी तो समय पर पर्याप्त बारिश होगी, जिससे फसल अच्छी होगी। इस साल अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह से जिले का तापमान बढ़ते क्रम पर है। आज तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह 7 बजे से ही सूर्य की तीखी किरणें चुभने लगती हैं। ऐसे में बिना पंखे या कूलर के घर के अंदर रहना संभव नहीं है। दोपहर 12 बजे के बाद तो ऐसा लगता है जैसे सूर्य आग उगल रहा हो। यही कारण है कि लोग आवश्यक काम होने पर ही दोपहर को घर से बाहर निकलते हैं। गर्मी बढ़ने से परेशान लोग शाम होते ही गन्ना रस, आईसक्रीम, कुल्फी दुकान या जूस सेंटर पहुंच जाते हैं। वहीं रसीले फलों आम, तरबूज, अंगूर व कलिंदर की बिक्री भी बढ़ी है। लोग घर में चाय की जगह लस्सी या शर्बत पीने लगे हैं। मेहमानों को भी यही दिया जाने लगा है।

### जरूरी काम होने पर घरों से निकल रहे लोग

जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर जाते हैं दोपहर को जब तापमान 43 डिग्री के लगभग पहुंच गया हो और सूर्य आग उगल रहा हो तो ऐसे में कोई भी सड़कों पर नहीं निकलना चाहेगा। यही कारण है कि इन दिनों दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। स्थिति यह है कि दोपहर को सड़कों पर दूर-दूर तक कोई नहीं दिखाई देता। अति आवश्यक काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकलते हैं। निकलने से पहले वे आंखों में सन ग्लास, सिर पर टोपी व चेहरे पर स्कार्फ लगाकर ही निकलते हैं। लड़कियां तो हैंडग्लब्स लगाकर ही घर से बाहर निकलती हैं। गर्मी के कारण लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं। इसे अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ती भीड़ को देखकर आसानी से जाना सकता है। डॉक्टर भी लोगों को मसालेदार व होटल में खाने की बजाये घर में कम नमक व मिर्च वाली खाने को प्राथमिकता देने की बात कह रहे हैं।

### बरतें सावधानी

तेज धूप में लोगों को आवश्यक होने पर ही घर या ऑफिस से बाहर निकलना चाहिए। निकलने से पहले पानी पीकर सिर, चेहरा व आंखों को ढंककर ही निकलना चाहिए। इन दिनों मसालेदार खाना खाने से बचना चाहिए। धूप से बचने सावधानी बरतनी चाहिए।

**-डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

## देखरेख के अभाव में झूले हुए जीर्ण-शीर्ण

# बदहाल स्थिति में पहुंचा केशरवानी बाल उद्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भाजपा के कद्दावर नेता स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी के नाम पर नगर पालिका द्वारा बनाया गया बाल उद्यान आज बदहाली की स्थिति में है। उद्यान में लगाए गए झूले, पौधे एवं टाईल्स सभी देखरेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गए है। नागरिकों ने बाल उद्यान की मरम्मत एवं सुसज्जित किये जाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। नगर पालिका द्वारा उद्यान में सुधार कार्य हेतु 25 लाख रूपए का स्टीमेट तैयार कर टीएस के लिये रायपुर भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के पश्चात जल्द ही कार्य प्रारंभ होने की बात कही जा रही है।

गर्मी के भरी दोपहरी के बाद शाम को बच्चे से लेकर बुढ़े तक घर से निकलकर बाहर सैर करने जाते है। नगर के आसपास में गार्डन नही रहने से नदी के आसपास जाकर ठण्डी हवा में तरोताजगी महसूस करते है। शहर के मध्य पुराना बस स्टैण्ड के पास मलाई घाट में लगभग 8 वर्ष पूर्व नगर पालिका द्वारा बनाये गये बाल उद्यान प्रशासनिक देखरेख के अभाव में जीर्ण-





शीर्ण हो गये। नगर एवं क्षेत्र के भाजपा के कद्दावर नेता सांसद, विधायक रहे स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी के नाम पर निर्माण किया गया था। उद्यान निर्माण के प्रारंभिक दिनों में यहां बच्चे खेलने के लिये आते थे। झूला एवं घिसलपट्टी आदि में बच्चों की दिनभर भीड़ लगी रहती थी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नगर आगमन पर इस बाल उद्यान का लोकार्पण कर शुभारंभ किया गया था। यहां पर लगाए गए झूले, पौधे एवं टाईल्स सभी देखरेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गए है।

### मूर्ति के रंग उधड़े

उद्यान में भाजपा के पूर्व विधायक एवं सांसद स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी की मूर्ति भी लगाई गई है। लेकिन यह भी देखरेख के अभाव में बदरंग होते जा रही है। यहां पर लगे टाईल्स पत्थर, झूले और रेलिंग भी गायब हो गये है। छोटे-छोटे बच्चो के लिये बनाये गये इस गार्डन के जीर्ण-शीर्ण होने के कारण अब बच्चों को खेलने के लिये मैदान उपलब्ध नही हो पा रहे है। स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी बाल उद्यान की दुर्दशा के संबंध में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कमलेश्वर केशरवानी ने बताया कि क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तियों के नाम पर बनाये गये बाल उद्यान एवं मूर्ति स्थापना के बाद नगर पालिका की देखरेख के अभाव में बाल उद्यान की दुर्दशा हो गई है। नगर पालिका को बाल उद्यान की ओर समुचित ध्यान देना चाहिए। जिससे वहां की व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

### बच्चों के खेलने के लिए जगह नहीं

पूर्व में नगर पालिका ने बेजा-कब्जा हटाने के उद्देश्य से पार्क के सामने लग रहे ठेलों को भी इस पार्क के अंदर में लगाने की अनुमति दे दी। जिसके चलते वहां पर लगे सभी सामान बदहाली की स्थिति में है। देखरेख के अभाव एवं पार्क में ठेले लगने से बच्चों के खेलने के लिए जगह नही रह गई है। उद्यान निर्माण के प्रारंभिक दिनों में यहां बच्चे खेलने के लिये आते थे। झूला एवं घिसलपट्टी आदि में बच्चों की दिनभर भीड़ लगी रहती थी। बच्चे एवं बुजुर्ग सुबह-शाम यहां पर टहलते रहते थे। बाल उद्यान का मेंटनेंस नही होने के चलते लगे सामानों की टूट-फूट एवं चोरी चले जाने के बाद बाल उद्यान के जगह पर अतिक्रमण होना प्रारंभ हो गया है।

### 25 लाख रुपए का स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया

निरंजन प्रसाद केशरवानी बाल उद्यान में मेंटनेंस एवं आकर्षक साज-सज्जा के लिये नगरीय निकाय मंत्री से राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। इस संबंध में लगभग 25 लाख रूपए का स्टीमेट तैयार कर टीएस के लिए भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के पश्चात शीघ्र ही बाल उद्यान को मरम्मत कर उसके पुराने रूप में सुसज्जित किया जाएगा, जिससे बच्चों एवं आम लोगों को उसका लाभ मिल सके।

**-आशीष तिवारी**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुंगेली



# सीएनआई चर्च में आराधना बाइबिल क्विज का आयोजन

**तखतपुर।** मानव जाति के उद्धार के लिए कलवरी क्रूस पर अपना बलिदान देने वाले परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह क्रूस पर चढ़ने के बाद तीसरे दिन जिंदा हो गए। इस बात का प्रमाण बाइबिल में मिलता है, जिसे ईस्टर को पुनरुत्थान दिवस के रूप में मनाते है। इस दिन गिरजाघरों में विशेष आराधना की जाती है, इसी क्रम में तखतपुर के अनेक गिरजाघरों में विशेष आराधना की गई। सीएनआई चर्च में रेव्ह नवीन मसीह की अगुआई में उपदेश प्रस्तुत किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता सीटी जेसन ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह मानव जाति के उद्धार के लिए सूली पर चढ़े और तीसरे दिन जीवित हो गए, इसका प्रमाण बाइबिल में मिलता है। पतरस नामक चेले ने यीशु मसीह को छूकर देखा तो उसे विश्वास हुआ कि वे जीवित हो गए हैं। साथ ही सैकड़ों लोगों ने यीशु मसीह को जीवित देखा था।

### समारोह में विजेताओं को किया गया सम्मानित

पुनरुत्थान दिवस पर विशेष आराधना के साथ बाइबिल क्विज में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को गिफ्ट हैम्पर से सम्मानित किया गया। क्विज में प्रथम प्रेजलिन, द्वितीय निशा विल्सन, तृतीय मंजू जॉन रहीं। इस दौरान पादरी नवीन मसीह ने कहा कि मसीही जीवन में वचन का होना अनिवार्य है, इसका आकलन स्वयं कर सकते हैं। लोगों की बाइबल के प्रति कितनी रुचि है इसका आंकलन करने एवं धार्मिक गतिविधियों में लोगों की रुचि बढ़ाने के लिए बाइबल क्विज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलीसिया समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कुंदन कुमार ने ग्यारहवें कलेक्टर के रूप में संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी कुन्दन कुमार ने सोमवार को मुंगेली जिले के ग्यारहवें कलेक्टर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर राहुल देव ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और औपचारिक रूप से पदभार सौंपा। बता दें कि कुन्दन कुमार ने पूर्व में कलेक्टर सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज और अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर सेवाएं दी हैं। हाल ही में वे गृह निर्माण मंडल के आयुक्त और रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में कार्यरत थे।




कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से उनका परिचय लिया और जिले के समग्र और सतत विकास के लिए सभी के सहयोग से बेहतर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनहित सर्वोपरि रहेगा और प्रशासनिक पारदर्शिता व दक्षता प्राथमिकता होगी। नवपदस्थ कलेक्टर ने जिले में शहरी एवं ग्रामीण निकाय में पेयजल संकट के निवारण हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने व पेयजल के दुरूपयोग को रोकने, गर्मी एवं लू से बचाव के लिए चौक-चौराहों में पशु, पक्षियों एवं राहगीरों के लिए प्याऊ घर की व्यवस्था करने, सुशासन तिहार का बेहतर क्रियान्वयन करने, स्वच्छता में विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्यालयों व जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई रखने, विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और स्कूलों एवं छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव एवं मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्भय राजपूत 5 अंकों के साथ बने शतरंज के चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय बालक बालिका मिनी वर्ग शतरंज प्रतियोगिता का विकासखंड खेल केंद्र, नगर में आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में जिले से अंडर 7, 9,11 बालक एवं बालिका वर्ग के कुल 23 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

स्पर्धा 5 चक्रों में खेली गई, जिसमें अंडर 7 बालक वर्ग में प्रथम स्थान जे अचिंत्य राव, लोरमी 2 अंक, अंडर 9 बालक वर्ग में प्रथम निर्भय सिंह राजपूत, लोरमी 5 अंक दूसरा स्थान अद्वित उपाध्याय, मुंगेली 4 अंक, तीसरा स्थान समर्थ गुप्ता, लोरमी 3 अंक, चौथा स्थान रुद्राक्ष शर्मा, लोरमी 1 अंक, अंडर 9 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान काव्या सिंह कुर्रे, मुंगेली 3.5, दूसरा स्थान




विजयी प्रतिभागियों के साथ अफसर।

आराध्या जायसवाल, लोरमी 2 अंक, तीसरा स्थान पीहू कश्यप, लोरमी 1 अंक अंडर 11 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान संजीवनी कुर्रे, मुंगेली 4 अंक द्वितीय स्थान अनुष्का शर्मा, लोरमी 3 अंक तृतीय स्थान आभाश्री साहू, लोरमी 2 अंक, चतुर्थ स्थान मौली ध्रुव, लोरमी 2 अंक पंचम स्थान निधि चक्रधारी, लोरमी 2 अंक, छठवां स्थान लावण्या राजपूत, लोरमी 1 अंक अंडर 11 बालक वर्ग में प्रथम लवकेश सिंह राजपूत, लोरमी 4 अंक, द्वितीय सुधीर कुमार कश्यप लोरमी 3 अंक, तृतीय सत्यप्रकाश, चतुर्थ मुंगेली 3 अंक, शौर्य सिंन्द्राम लोरमी 3 अंक, पंचम हिमांशु निषाद, लोरमी 3 अंक छठवां गीतांश साहू, पथरिया 2.5 अंक, सातवां आदित्य राजपूत, लोरमी 2 अंक, आठवां आकाश सिंह राजपूत, लोरमी 2 अंक, नवमां गुंजित सिंह परिहार , मुंगेली 2 अंक रहे। स्पर्धा में चयनित प्रतिभागी 15 व 16 मई को बेमेतरा में आयोजित होने वाली मिनी वर्ग राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप बीईओ डीएस राजपूत ,अधिवक्ता रवि शर्मा, विजय अग्रवाल, सुबोध कुमार सिंह अध्यक्ष जिला शतरंज संघ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्पर्धा के चीफ आर्बिटर ओमप्रकाश वन्दे, डिप्टी चीफ ऑर्बिटर राजेश पाटले थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य युगलगल किशोर राजपूत, सूर्यकान्त शर्मा, कामता सिंह कुर्रे ,अमन, अनुराग उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा साथ परसाही में भागवत कथा प्रारंभ

लगरा। ग्राम परसाही में कलश यात्रा के साथ श्री मद्भागवत कथा महापुराण का शुभारंभ हुआ। दूसरे दिन कथा वाचक पंडित मनोज तिवारी ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया। इस अवसर पर परायणकर्ता पंडित रूपेन्द्र तिवारी हैं। मुख्य यजमान ढालेश्वरी नरेन्द्र कुमार पटेल हैं। सहनू लाल पटेल के निवास मालती वाटिका में स्व. मालती पटेल व स्व. हरनारायण पटेल की स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।



### देवकिरारी में रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य प्रारंभ



बोदरी। ग्राम पंचायत देव किरारी में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना कार्य का शुभारंभ क्षेत्र के बिल्हा जनपद अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक ने पूजा अर्चना कर खुदाई प्रारंभ कर किया। डॉ रामकुमार कौशिक ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा तालाबों एवं पोखरणों के बारिश के पानी संचय करने के लिए खुदाई कराई जाता है एवं इस योजना के तहत दिहाड़ी मजदूरों को योजना के तहत रोजगार दिया जाता है। जिससे रोजगार का अवसर भी लोगों को मिलता है। इस अवसर पर बृजभूषण वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा. डॉ लक्ष्मण यादव पूर्व जनपद सभापति, सरपंच प्रतिनिधि अशोक पाटले, राजकुमार बरगाह, नरेश जायसवाल मीडिया प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा बिल्हा, राजेन्द्र डहरिया, भानु वर्मा एवं भाजपा पदाधिकारी और सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सेजेस पंधी में वार्षिक परीक्षा फल घोषित



लगरा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी में कक्षा 9-11वीं का परीक्षाफल घोषित किया गया है। कक्षा 9 वीं में कुल 118 विद्यार्थियों में 76 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें 38 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 11 वीं में कुल 148 विद्यार्थी में 118 छात्र उत्तीर्ण हुए जिसमें 72 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 9 वी में प्रथम जयंत रात्रे 93 प्रतिशत, द्वितीय सुजीता डोंगरे 88.67 प्रतिशत, तृतीय निखिल पत्रवाणी 89.83 प्रतिशत रहा। कक्षा 11वीं में कला संकाय से प्रथम मानसी सूर्यवंशी 82.6 प्रतिशत, द्वितीय मनीषा पटेल 74 प्रतिशत वाणिज्य संकाय प्रथम प्राची साहू 71.प्रतिशत द्वितीय भोलाराम 63.4 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर प्राचार्य संजय शर्मा, राधेश्याम मिश्रा, पंधी सरपंच विनोद साहू, बसंतपुरी गोस्वामी, नीरज श्रीवास, प्रचार्य रूबी हनीफी, हेमलता वर्मा, रोमा सरकार, अर्चना देवांगन, माधुरी कौशिक, हेमंत शर्मा, केशनी साहू, प्रीति पांडेय, मौली गुईन, ओमप्रकाश दुबे, कमला चंद्रा सहित बड़ी संख्या विद्यार्थी मौजूद रहे।

### लोगों को किया गया जल संरक्षण के लिए जागरूक



मुंगेली। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिले की सभी आंगनबाड़ियों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जल संरक्षण संबंधी जागरूकता का आयोजन किया गया और आमजनों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजूला शर्मा ने बताया कि पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस अंतर्गत राज्य स्तरीय सीमेम वेबीनार, महतारी सम्मेलन का आयोजन कर पोषण संबंधी प्रश्नोत्तरी के साथ ही गर्भवती माताओं से गृहभेंट कर पोषण आहार सेवन करने की समझाईश दी गई। उन्होंने बताया कि सुपोषण रथ के द्वारा सरगांव सेक्टर में पोषण पखवाड़ा का प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### सीपत थाना प्रभारी की पहल पर महिलाओं ने किया ताकत का प्रदर्शन

# जुहली की महिलाएं नशामुक्त ग्राम बनाकर दूसरों के लिए बनीं प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीपत तहसील के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जुहली की महिलाओं ने एक नई मिसाल कायम की है। इस गांव में शराब नहीं बिकती और इसका श्रेय जाता है गांव की जागरूक महिलाओं को, जिन्होंने नारी शक्ति की ताकत बनकर नशे के खिलाफ जंग छेड़ दी है। सीपत थाना के प्रभारी टीआई गोपाल सतपथी की विशेष पहल पर गांव में चौपाल का आयोजन किया गया, उन्होंने गांव की संगठित महिला समूह का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें महिला कमांडो नाम दिया है, जिनका उद्देश्य गांव को नशामुक्त बनाना है।

थाना प्रभारी के द्वारा लगाए गए चौपाल में महिलाएं खुलकर सामने आईं और अपनी ताकत का प्रदर्शन किया और बताया कि सभी महिलाओं ने मिलकर कैसे इस गांव को शराब मुक्त बना दिया। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने ना सिर्फ शराब बिक्री का विरोध किया, बल्कि ग्रामीणों को जागरूक भी किया कि नशा किस तरह परिवार और समाज को तोड़ता है। थाना प्रभारी सतपथी ने कहा, ₹जब महिलाएं एकजुट हो जाएं तो समाज में किसी भी बुराई को खत्म करना मुश्किल नहीं है। जुहली की महिलाएं अब दूसरे गांवों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। जानकारी देते चलें कि महिलाएं अब नियमित रूप से गांव में गश्त करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि कोई अवैध गतिविधि न हो। उनके प्रयासों से न सिर्फ शराब की बिक्री पर रोक लगी है, बल्कि गांव में अपराध की घटनाओं में भी कमी आई है। गांव के बुजुर्ग और युवा भी इस बदलाव से प्रभावित हैं।

**पहले झगड़ा आम बात थीः चन्देश्वरी**

गांव की आदिवासी महिला सरपंच चन्देश्वरी त्रिभुवन मरावी कहती हैं, ₹पहले गांव आपसी विवाद और झगड़ा आम बात थी, अब शांति है। ये सब हम महिलाओं की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने कहा जुहली गांव की यह पहल समाज में एक सशक्त संदेश देती है कि जब महिलाएं जागरूक होती हैं, तो बदलाव निश्चित होता है।



महिलाओं को संबोधित करते पुलिस अफसर।

### कोरोना काल के बाद से बंद है गांव में शराब

शराबंदी समूह की अध्यक्ष वेदमती मरावी ने बताया कि 3 वर्ष पहले तक गांव में शराब की बिक्री हो रही थी जिसमे बड़ो के अलावा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी शराब पीने के आदि हो रहे थे इससे झगड़े फसाद होना आम बात हो गई थी फिर गांव की 25 महिला समूह जिसमें लगभग 300 महिलाएं शामिल है सभी लोगो ने मिलकर शराबबंदी अभियान चलाया अब गांव में शराब बिक्री पूरी तरह से बंद हो गई है आगे कोशिश है कि गांव का कोई भी व्यक्ति शराब ना पिए इसके लिए जनजागरूकता अभियान चलाएंगे। बरातियों को भी यहां शराब पीना और साथ मे शराब लेकर आना मना है।

### नारी शक्ति को संबल प्रदान करूंगाः सतपथी

सीपत थाना प्रभारी टीआई गोपाल सतपथी ने बताया कि जुहली गांव की महिलाएं बहुत जागरूक और साहसी है महिलाओं ने चौपाल कार्यक्रम में जिस तरह जनजागरूकता और ग्राम विकास पर खुलकर बात की यह उनके हौसलों को दर्शाता है इसलिए मैंने उन्हें महिला कमाण्डो का नाम दिया है समूह की महिलाओं से नाम मांगा गया है उच्च अधिकारियों के निर्देश पर इन्हें थाना से आईडी कार्ड जारी किया जाएगा ताकि उनमें और भी बेखौफ होकर बुराइयों का सामना करने की साहस आ सके। मैं इन नारी शक्तियों का जरूर संबल प्रदान मारूंगा।



बैठक में शामिल न्यायाधीश।

# 10 मई को नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक

मुंगेली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिककरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमति गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में कुटुम्ब न्यायालय न्यायाधीश राजीव कुमार एवं प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दीपक कुमार शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी श्रीमति श्वेता ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी लोरमी देवेन्द्र कुमार दीक्षित, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली कु. नारायणी कच्छप तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली श्रीमति कंचन लता आचला के अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त बैठक में 10 मई को होने वाली नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहारवाद, मोटर दुर्घटना दावा, परिवारिक विवाद एवं जिला न्यायालय में वर्षो से लंबित प्रकरणों का निराकरण अधिक से अधिक संख्या में किया जाना है।

### पत्र लेखन प्रतियोगिता में विधि को प्रथम स्थान

मुंगेली। जेसीस पब्लिक हायर सेकंडरी अंग्रेजी माध्यम स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा विधि मिश्रा ने डाक विभाग द्वारा राज्य स्तरीय आयोजन ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता में 18 वर्ष आयु वर्ग में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता डिजिटल युग में पत्रों के महत्व को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। विधि मिश्रा ने अपने पत्र में पत्र लेखन के महत्व को विस्तार से बताया और डिजिटल युग में इसके महत्व को समझाया। उनके पत्र को जूरी ने सर्वश्रेष्ठ पत्र चुना और उन्हें प्रथम स्थान प्रदान किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उसे 25,000 रुपए का चेक प्रदान किया जाएगा। डाक विभाग के अधिकारियों तथा जेसीस शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के सभी सदस्यों तथा जेसीस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल मुंगेली के प्राचार्य ने विधि मिश्रा को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि यह प्रतियोगिता पत्र लेखन के महत्व को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

## निधन

### शंतुला सोनवानी



बिलासपुर। हर्ष श्रृंगार कॉलोनी राजकिशोर नगर निवासी शंतुला सोनवानी का 21 अप्रैल को निधन हो गया। वे 58 वर्ष की थीं। जिनका अंतिम संस्कार 22 अप्रैल को दोपहर 3 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जीपी सोनवानी की पत्नी, दीपक, ज्योति एवं पूजा सोनवानी की माता थीं।

### राजकुमार शिवदासानी



बिलासपुर। साईं धाम कॉलोनी गेट नंबर 2 तोरवा निवासी राजकुमार शिवदासानी का 21 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. चिमनदास शिवदासानी के पुत्र एवं अमिति सुमित शिवदासानी के पिता थे।

### कन्हैया श्रीवास



बिलासपुर। सेमरताल निवासी अधिवक्ता कन्हैया श्रीवास का 21 अप्रैल सोमवार को रायपुर में निधन हो गया। वे 40 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार दोपहर 2 बजे गृह ग्राम सेमरताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे मोहन श्रीवास, मुरारी श्रीवास के भाई थे।

### पं. सुशील तिवारी



बिलासपुर। भाटापारा निवासी पं सिद्धगोपाल तिवारी के द्वितीय सुपुत्र सेवा निवृत्त प्राचार्य छत्तीसगढ़ स्कूल पं. सुशील तिवारी का निधन सोमवार की सुबह हो गया। वे पं. अनिल तिवारी एवं सुरेन्द्र तिवारी के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा 22 अप्रैल को भाटापारा में निज निवास गांधी मंदिर वार्ड से मुक्तिधाम के लिए दोपहर 2 बजे निकलेगी।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



सीपत। ग्राम जांजी स्थित महाराणा प्रताप भवन में राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 की बिलासपुर समिति की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की प्रथम बैठक हुई।

बैठक में अतिथि के तौर पर केन्द्रीय कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय, केंद्रीय संगठन सचिव अजय सिंह क्षत्रिय, पूर्व केंद्रीय महासचिव मोहन सिंह, पूर्व केंद्रीय सहसचिव कृष्णा सिंह, साहित्य परिषद सचिव होमेश्वर प्रताप सिंह, निर्वाचन अधिकारी रंजीत सिंह, हुप सिंह, वरिष्ठ ठाकुर आरबी सिंह, द्वारिका सिंह, शेर सिंह, भुवन सिंह, जय सिंह, गोरे सिंह, राजकुमार सिंह, रमेश सिंह समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष शिव सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह क्षत्रिय, सचिव विवेक सिंह, उपसचिव प्रफुल्ल सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य कल्याण सिंह, केंद्रीय निर्णायक सदस्य नितिन सिंह क्षत्रिय, कार्यकारिणी सदस्य कमलेश सिंह, रविशंकर सिंह, प्रदीप सिंह, पुष्पराज सिंह, विनोद सिंह, विक्रम सिंह, महिला अध्यक्ष वीणा सिंह, महिला सचिव ज्योति सिंह, युवा अध्यक्ष महेन्द्र सिंह एवं युवा सचिव मनीष सिंह ने विधिवत शपथ ली। सभी नवचयनित पदाधिकारियों ने समाज हित में समर्पित होकर कार्य करने, संगठन को मजबूती देने तथा बिलासपुर उपसमिति को प्रदेश स्तर पर नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान हरिहर प्रताप सिंह, महेश सिंह, संतोष सिंह, निरंजन सिंह, रवि सिंह, जगत सिंह, जितेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, प्रांशु क्षत्रिय, नीतू सिंह, जया सिंह, वीणा सिंह, ममता सिंह, आरती सिंह, सुमन सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### लापता बच्ची के परिजन से मिली सदा ज्योति वेलफेयर की टीम

लोरमी। कोसाबाड़ी की लापता बच्ची के परिवार से सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी की टीम ने मुलाकात कर हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत की और उनकी चुनौतियों को समझा। परिवार ने अपनी व्यथा सुनाई और मदद की गुहार लगाई। सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि हमारी संस्था समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करती है। हम इस परिवार की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हमारी प्राथमिकता बच्ची को ढूंढना और परिवार को न्याय दिलाना है। सचिव कल्पना मिश्रा ने कहा, ₹हमारी टीम ने परिवार से मुलाकात की है और उनकी समस्याओं को समझा है। हम परिवार की मदद करने के लिए प्रशासन के साथ सहयोग करेंगे। उपाध्यक्ष आराधना तिवारी ने कहा कि हमारी टीम परिवार की मदद के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम हर संभव प्रयास करेंगे ताकि बच्ची को जल्द से जल्द ढूंढा जा सके और परिवार को न्याय मिल सके। सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी की टीम परिवार की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रही है। टीम ने परिवार को आश्वस्त किया है कि वे उनकी मदद के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर दिनेश शर्मा, रश्मि तिवारी, मंजुला शर्मा, निधि पौराणिक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पंधी में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने लिया लाभ





मोपका। छत्तीसगढ़ शासन के आदेश एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव डॉ मीनू खरे के संयुक्त तत्वाधान एवं मार्गदर्शन में शनिवार 19 अप्रैल को ग्राम पंधी में निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिपं सदस्य अरुणा चंद्र प्रकाश सूर्या ने किया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंथी के सरपंच वीरेंद्र कुमार साहू, जनपद सदस्य रेवा शंकर साहू उपस्थित थे। शिविर में विशेष कर वात रोग, वायु विकार रोग, हृदय रोग, मधुमेह, अर्श रोग एवं स्त्री रोग के मरीज आए जिनका निशुल्क उपचार कर औषधि प्रदान की गई। शनिवार को शिविर में कुल 144 हितग्राहियों आए जिनमें 112 लोगों के खून की जांच की गई एवं 127 लोगों के ब्लड प्रेशर की जांच की गई। शिविर में शास आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सक डॉ समीर तिवारी, डॉ एएल गुप्ता, डॉ अजय सिंह एवं शास आयुर्वेद औषधालय पंडी के डॉ अजय कुमार भारती ने अपने पूरे स्टाफ के साथ सेवा प्रदान की। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे ही आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर क्षेत्र के अन्य ग्रामों में लगाने की बात कही। शिविर को सफल बनाने में ग्राम पंचायत पंधी के सरपंच वीरेंद्र साहू का विशेष सहयोग रहा। शिविर में कयुम खान, राजेंद्र सूर्यवंशी, बसंत गोस्वामी, ललित पटेल, हरीश श्रीवास, विनोद साहू ,अर्जुन चौहान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति सूर्यवंशी ,रामलाल सूर्यवंशी, नीरज श्रीवास, ओमप्रकाश, राजेंद्र सूर्यवंशी एवं पंधी के नागरिक उपस्थित थे।

### सामूहिक विवाह में शामिल होने डिप्टी सीएम साव को आमंत्रण

मुंगेली। आदिवासी समाज के प्रमुख एवं पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य भेंट कर बतौर मुख्य अतिथि मोहभट्ठा में आयोजित आदिवासी समाज के जिला स्तरीय आदर्श गोंडवाना सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मरावी, शासकीय संघ आदिवासी जिलाध्यक्ष अकत ध्रुव, जिला महासचिव उत्तम ध्रुव, सर्व आदिवासी जिला उपाध्यक्ष जिगेश्वर सिंह ध्रुव, सह सचिव ओम प्रकाश ध्रुव, पटवारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात ध्रुव, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र मरकाम एवं श्रवण ध्रुव की उपस्थिति में 26 अप्रैल को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने पुष्पगुच्छ व आमंत्रण कार्ड भेंट कर उपमुख्यमंत्री अरुण साव को आमंत्रित किया गया।

* तखतपुर। जनपद पंचायत तखतपुर में स्थायी समितियों के गठन हेतु 22 अप्रैल को 11 बजे जनपद पंचायत के सभा भवन में स्थायी समितियों के सदस्यों एवं सभापतियों का निर्वाचन होगा।

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...........ब- 121/2025
क्रमांक /15/ वाचक/तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 01.04.2025

सर्वधारणा/ आम जनता ग्राम लछ्नपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष पति/ पिता श्री मोहन जाति मेहर साकिन लछ्नपुर तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन गायत्री आ. श्री केजूराम के जन्म/मृत्यु दिनांक 07.09.2009 ग्राम लछ्नपुर को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 23.04.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/ अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**लालपुर, थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

// उत्तरवादी के उपस्थिति हेतु नोटिस //

अपील प्रकरण क्रमांक 48
अ-89/2022-2023
पेशी दिनांक 22/5/2025

कलेश्वरी पैकरा .......अपीलार्थीगण
बनाम
अनिता पैकरा वगैरह .......उत्तरवादीगण

प्रति. 1. अनिता पैकरा पति हलधर पैकरा निवासी ग्राम परसोड़ी तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर 2. मुख्य कार्यापालन अधिकारी जनपद मस्तुरी जिला बिलासपुर 3. श्रीमान परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल व महिला अधिकारी जनपद मस्तुरी जिला बिलासपुर

अपीलार्थी कलेश्वरी पैकरा पति बालचंद पैकरा निवासी निवासी ग्राम परसोठी, तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय कलेक्टर बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 09/वि-89/2018-19 पक्षकार कालेश्वरी पैकरा विरुद्ध अनिता पैकरा वगैरह में पारित आदेश दिनांक 27/05/2021 के विरुद्ध द्वितीय राजस्व अपील अंतर्गत धारा 91 पंचायती राज अधिनियम के तहत इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई दिनाक 22/05/25 को नियत है।

अतएव एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 22/05/2025 को दिन के 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित हो सकते हैं। नियत तिथि को उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वतः जवाबदार होंगें। सुनवाई दिनांक 22/05/2025 को किसी कारणवश अवकाश या सार्वजनिक अवकाश घोषित होने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 06/03/2025 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अपर आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास मंगला, बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-1099 मूल आबंटी श्रीमती वंदना सिंह कौरव पति श्री स्व. लक्ष्मण सिंह कौरव के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 28.07.2011 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को संयुक्त नाम श्रीमती ललिता साहू पति श्री पंकज साहू एवं नाम श्रीमती अंजू साहू पति श्री नीलकमल साहू को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. दुर्गा बाटव पति मुन्नालाल बाटव 2. मोहम्मद रफिक 3. कृष्ण कुमार कोरी 4. श्याम चंद्र पटेल 5. आर.एल. सिंह 6. आर. वर्मा 7. राजेन्द्र सिंह ठाकुर 8. ओम प्रकाश विश्वकर्मा

विषयः- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह/ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 19.03.2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उसलापुर प.ह.न. 60. रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 141/1ग (शा.नं. 144) रकबा 0.0220 वर्गफीट एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी दुर्गा बाटव पति मुन्ना लाल बाटव निवासी नेहरू नगर के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 24/04/2025 को समय 11:00 को से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।

**टीप:-** विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. कृष्ण कुमार कोरी पि. श्री बी.आर. कोनी समीपस्थ भूमि स्वामी 2. मोहम्मद रफीक 3. श्यामचन्द पटेल 4. ब्रम्हकुमारी संस्था 5. दुर्गा बाटव 6. आर.एल. सिंह 7. जीवन लाल देवांगन 8. राजेन्द्र सिंह ठाकुर

विषयः- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह/ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 27.03.2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उसलापुर प.ह.न. 60. रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 144/2 रकबा 0.0220 वर्गफीट एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी कृष्ण कुमार कोरी पिता बी.आर. कोरी निवासी उसलापुर के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 24/04/2025 को समय 11:00 को से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।

**टीप:-** विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, सकरी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण जनता को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि महेश कश्यप उम्र 55 वर्ष पिता शंकर लाल कश्यप एवं रमेश कश्यप उम्र 37 वर्ष पिता शंकर लाल कश्यप दोनों निवासी कतियापारा साई मंदिर के पास बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के संयुक्त स्वत्व व आधिपत्य की भूमि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में खसरा क्रमांक 83/27, रकबा 0.030 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उपरोक्त भूमि में से 872 वर्गफुट भूमि को अविनाश घोरे उम्र 40 वर्ष पिता स्व. पिता स्व. गोपाल कृष्ण घोरे निवासी दयालबंद चौक, गोल बंगलिया पारा बिलासपुर (छ.ग.) को 15,40,000/- रू. (पंद्रह लाख चालीस हजार रूपये मात्र) में विक्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि के रूप 20,000/- रू. (बीस हजार रूपये मात्र) नगद गवाहों के समक्ष प्राप्त किया चुका है तथा निकट भविष्य में शेष बचत राशि प्राप्त कर विक्रय विलेख निष्पादित किया जावेगा।

यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी संस्था, निकाय शासकीय अर्ध शासकीय निगम या व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे निम्न पते पर मय दस्तावेज के उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि बाद आपत्ति मान्य नहीं होगा।

दिनांक 21/4/2025

**भवदीय**
**Shankar Chaturvedani**
**Advocate Masanganj,**
**Bilaspur (C.G.)**
**मो.नं.- 9131202121**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील बिलासपुर,जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/..../सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 19/04/2025

आवेदक शोभा चतुर्वेदी पति स्व. अनिल चतुर्वेदी आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. गोविंद नारायण 2. बेदराम 3. शिवकुमारी बे. समलिया 4. नारायण 5. समीपस्थ एवं संबंधित भूमि स्वामी

**विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।**

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र. / /तह./ना.तह. वा./2025 बिलासपुर दिनांक 07/01/2025

ग्राम देवरीखुर्द प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 102/17 रकबा 0.0240 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका शोभा चतुर्वेदी पि./प. अनिल चतुर्वेदी निवासी प्रियदर्शनी कॉलोनी जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /अति.तह/ ना.तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 25.04.2025 को समय 10:00 से 05:00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीपः अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**सिरगिट्टी, तहसील व जिला बिलासपुर**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा ग्राम सिलदहा प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. व तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर में स्थित भूमि जिसका ख.नं. 313 रकबा 0.607 हेक्टे. भूमि जो कि वर्तमान भूमिस्वामी श्री हमीद उल्ला खोखर पिता डब्ल्यू.यू.के. खोखर निवासी क्रांति नगर बिलासपुर के नाम पर दर्ज व काबिज चला आ रहा है।

उक्त भूमि को खरीदने का पक्का सौदा करके बयाना राशि चेक के माध्यम से क्रेता द्वारा विक्रेता को दी जा चुकी है एवं निकट भविष्य में उक्त भूमि की रजिस्ट्री होनी है इस भूमि के बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, शासकीय/ अर्द्धशासकीय, निकाय इत्यादि को किसी प्रकार की आपत्ति होवे तो वे इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। समय अवधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जानें।

**भवदीय**
**मंजू लता मिश्रा**
**W/o शैल कुमार मिश्रा**
**महामाया विहार R/3**
**वेयर हाउस रोड, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827406750**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री राधेश्याम पिता चतुर्भुज प्रसाद एवं कौशल्या बाई पति श्री राधेश्याम के नाम पर मौजा मंगला प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. बिलासपुर विकास खंड बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर के वार्ड नंबर 1 विकास नगर स्थित परिवर्तित भूमि स्तार क्रमांक 37 भूखंड क्रमांक 5 खसरा नंबर 990/2 रकबा 0.06 एकड़ (2500वर्गफुट) पर निर्मित परिसर के ग्राउंड फ्लोर की दुकान क्षेत्रफल 221 वर्गफुट की दुकान खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**पारुल अग्रवाल**
**निवासी मूंदड़ा हॉस्पिटल के पास मंगला बिलासपुर**
**मो. 7000866078, 9826464760**

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

21- APR- BSP- P-5 ZIN_Layout 1 4/22/2025 12:10 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

कार्यक्रम

## बिलासपुर गौ सेवा धाम ने किया पानी पात्र का वितरण



**बिलासपुर।** बिलासपुर गौ सेवा धाम की ओर से गर्मियों में गौवंशों और चिड़िया के लिए पानी के पात्र एवं जिला अस्पताल के सामने दुकानों पर पानी के मटकों का वितरण किया गया। वहीं सदर बाज़ार, गोड़पारा, चाटापारा, सिंधी कॉलोनी, सरकंडा, राजकिशोर नगर, मोपका, मंगला, जूना बिलासपुर, तोरवा, देवरीखुद, तिफरा, रेलवे क्षेत्र आदि स्थानों पर गौसेवकों ने पानी के पात्र रखे और लोगो से अपने घर के सामने पानी के पात्र रखने का आग्रह किया। इस अवसर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने आवास पर भी पानी के पात्र रखे और चिड़िया के लिए पानी के सिकोरे रख कर उद्घाटन किया। ललित माखीजा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति हो या कोई जीव जंतु सभी के जीवन में पानी महत्वपूर्ण है। श्रद्धा दुबे ने कहा कि गौ माता के प्रति आस्था व श्रद्धा का भाव हमेशा रखे। वहीं जीवन में हमें समर्पण भाव से सेवा कार्य करना चाहिए। पानी की टंकिया हर व्यक्ति को खुद से रखना चाहिए ताकि गोवंश प्यासा न रहे। बजरंग अग्रवाल ने कहा कि गौ सेवा धाम के इस कार्य से लोगो को प्रेरणा लेनी चाहिए। अंत में गौ सेवा धाम के सचिव विपुल शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नरेश अग्रवाल, सुरेश शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, विपुल शर्मा, गोपाल कृष्ण रामानुज दास शत्रुघ्न कृष्ण, शुभम शुक्ला, बाबा शर्मा, शिवांश पांडेय, अविनाश कौशिक, घनश्याम शर्मा, अनमोल खत्री, विकास यादव, द्वयांश रजक, गौतम मोटवानी, बाबू भाई, विष्णु दुबे, बंटी गुप्ता, आशीष यादव, संजय राम चौबे, विनय शर्मा, आदर्श शर्मा, गौरव आदि उपस्थित रहे।

आयोजन

## सीकासा की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर संगोष्ठी



**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के छात्रों ने शाखा सीकासा एआई अनप्लगड संगोष्ठी का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि सीए अंकुर कुमार गुप्ता तथा विशेष अतिथि के रूप में सीए दिनेश कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन आईसीएआई भवन में किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सीए ऋद्धि जैन ने कहा कि यह कार्यक्रम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में विद्यार्थियों, युवा पेशेवरों और तकनीकी उत्साही लोगों के लिए एक रोमांचक अनुभव लेकर आया है। सेमिनार की शुरुआत एआई के उदय, विभिन्न उद्योगों में इसकी वर्तमान प्रासंगिकता, लेखा पेशे पर इसके संभावित प्रभाव पर विचारोत्तेजक सत्र हुआ। इसके पश्चात इंटरैक्टिव वर्कशॉप का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को एआई उपकरणों और अवधारणाओं की व्यवहारिक जानकारी दी गई। मशीन लर्निंग की मूल बातें समझने से लेकर ऑटोमेशन के नैतिक पक्षों पर चर्चा हुई। पूरे कार्यक्रम में ज्ञान और खोज के बीच बेहतरीन संतुलन बनाए रखा। इस कार्यक्रम में भविष्य की एक झलक थी। सीकासा बिलासपुर की चेयरपर्सन सीए मिली डे के नेतृत्व में संस्था लगातार ऐसे प्रयास कर रही है, जिससे आने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट्स पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर आधुनिक तकनीकों से भी सशक्त बन सकें।

शिविर

## 225 मरीजों ने लिया लाभ, गायत्री शक्तिपीठ का आयोजन



**बिलासपुर।** गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर, इंडियन सोसायटी ऑफ पीरियडोन्टोलॉजी छ.ग. एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका 225 मरीजों ने लाभ लिया। शिविर में डॉ. सौरभ भंडारी, डॉ. लक्ष्मीकांत कश्यप, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. शैलेंद्र चतुर्वेदी, डॉ. सराफ, डॉ. नौशीन, डॉ कृति ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में दंत रोग, नेत्र रोग, कान नाक गला तथा बीपी शुगर का इलाज किया गया। इसी तरह गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में प्रति मंगलवार 9 से 11 बजे तक के होम्योपैथी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा कर दवाईयां भी दी जाती है। अंत में डॉ. सौरभ भंडारी ने गायत्री परिवार को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. लक्ष्मीकांत दंत रोग विशेषज्ञ ने सभी डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया। शिविर में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य, उर्मिला विश्वकर्मा, रमेश मारू, रामगोपाल कश्यप, शत्रुघ्न कश्यप, उपजोन बिलासपुर के सह समन्वयक रामकुमार श्रीवास, डॉ. हेमंत कौशिक, दिया ग्रुप बिलासपुर के सभी सदस्य, जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार, वेदराम सिन्हा, द्वारिका पटेल, दिनेश राजपूत, दिनेश साहू, गणेश श्रीवास, एम.डी. मानिकपुरी सहित गायत्री परिवार के अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

# बांगला अकादमी के बच्चों ने दी संगीतमय मनमोहक प्रस्तुति

बांगला अकादमी द्वारा विनोबा नगर में 229 वां मासिक साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसे बंगला वर्षवरण के रुप में मनाया गया। इस दौरान समूह एवं एकल संगीत, कविता पाठ, नृत्य एवं नाटक की बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।









### नववर्ष मिलन एवं साहित्य सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का प्रारंभ संस्थागत संगीत आमार भाषा तोमार भाषा से हुआ। साथ ही दो सामूहिक संगीत रविन्द्र एवं नजरूल संगीत की प्रस्तुतियां हुईं। अकादमी की अध्यक्ष नमिता घोष ने शुभकामनाएं देते हुए छोटे बच्चों को मंच पर कार्यक्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। रिंकू मित्रा ने छोटे बच्चों को पुरस्कार स्वरूप प्रोत्साहन राशि प्रदान की। कार्यक्रम में आरएन चटर्जी, अजय गांगुली सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. गोपाल चन्द्र मुखर्जी ने नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन सचिव राजा दासगुप्त द्वारा किया गया। वहीं कविता पाठ नमिता घोष, डॉ. गोपाल चन्द्र मुखर्जी, अकीरा, अहोना, पार्थ प्रतिम भादुड़ी, प्रकृत गोलदार, रुपा राहा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### इन्होंने दी प्रस्तुति

एकल एवं समूह संगीत की प्रस्तुतियां निहार रंजन मल्लिक, अचिन्त्य कुमार बोस, सुभ्रान्शु बापी घोष, डॉ.सोमा लाहिड़ी मल्लिक, सुजय दासगुप्त, अनिता गोलदार, शिवानी चक्रवर्ती, नमिता घोष, उमा दास, प्रबाल मुखर्जी, सौरभ चक्रवर्ती, प्रतिमा पाल, मौमिता चक्रवर्ती, मौसमी चक्रवर्ती, असित बरन दास द्वारा दी गई। नृत्य की प्रस्तुति महुआ नंदी, प्रतिमा पाल, नोएल, खुशमीता, पीहू, प्रिशा, अंजलि, आदित्रि, आयुषी, सृष्टि, श्रेष्ठा, तानी द्वारा दी गई। समूह नृत्य में निर्देशन गोपा दासगुप्त का रहा। नाटक करूणा सागर में अभिनय शुभो, आयुषी, पीहू एवं प्रिशा द्वारा किया गया।

28 अप्रैल से किया जा रहा चार दिवसीय आयोजन, 1 को निकलेगी शोभायात्रा

**समग्र ब्राम्हण समाज संग परशुराम सेना द्वारा परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। जयंती पर्व को भव्य बनाने चार दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन सोमवार 28 अप्रैल को भगवान परशुराम मंदिर आशीर्वाद भवन लोखंडी में श्री भगवान की विग्रह की पूजा, आरती कर महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा।**

# भगवान परशुराम की पूजा, आरती से होगा महोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार 29 अप्रैल को प्रातः 11 बजे व्यापार विहार स्थित आनंदा इंपिरियल में रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, बुधवार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर हवन, पूजन व भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

शाम 6 बजे परशुराम चौक राजकिशोर नगर स्मृति वन के पास भव्य महाआरती कर भोग प्रसाद बांटे जाएंगे। गुरुवार 1 मई को साढ़े 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शीतला मंदिर दयालबंद से निकल कर गांधी चौक, जूना बिलासपुर, गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए देवकीनंदन दीक्षित स्कूल प्रांगण पहुंच कर धर्म सभा के रूप में परिणित हो जाएगी। महाआरती के बाद संत चिन्मयानंद बापू महराज का आशीर्वचन होगा। इसके बाद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें विप्र समाज के मार्गदर्शक, प्रेरणा स्रोत वरिष्ठ विप्रजनों, प्रतिभाशाली युवाओं व गौरवशाली विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से महाप्रसाद का वितरण होगा। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने बीके पाण्डेय, सुदेश दुबे साथी, शाश्वत तिवारी, सुरेंद्र, अमित तिवारी, राजेश पाण्डेय सहित अन्य सभी विप्रजन लगे हुए हैं।

### दिया समरसता का संदेश

भगवान परशुराम ने संसार को एकता का सूत्र एवं सभी जाति व समाजों में समरसता का संदेश दिया है। भारतीय वाङमय में सबसे दीर्घ जीवी चरित्र परशुरामजी का है। सतयुग के समापन से कलयुग के प्रारंभ तक उनका उल्लेख मिलता है। भगवान परशुरामजी के जन्म समय को सतयुग और त्रेता का संधिकाल माना जाता है। दुष्टों का दमन और सत-पुरूषों को संरक्षण उनके चरित्र की विशेषता है।

### भगवान परशुराम थे शस्त्रधारी व योद्धा

भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम एक ऐसे अवतार माने जाते हैं, जो ब्राह्मण होते हुए भी क्षत्रियों के समान शस्त्रधारी और योद्धा थे। परशुराम जयंती प्रतिवर्ष वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस दिन अक्षय तृतीया का पर्व भी रहता है। जिससे इस दिन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। परशुराम जयंती की तृतीया तिथि 29 अप्रैल को सायं 5:31 बजे प्रारंभ होगी एवं सोमवार 30 अप्रैल को दोपहर 2:12 बजे समाप्त होगी। प्रदोष काल में भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, इस वजह से 29 अप्रैल को यह पर्व मनाया जाएगा।

### इस दिन का प्रत्येक क्षण माना जाता है शुभ

परशुराम जन्मोत्सव के दिन का प्रत्येक पल, प्रत्येक क्षण शुभ मुहूर्त माना जाता है। विवाह के लिए या अन्य किसी शुभ कार्य के लिए अक्षय तृतीया के दिन अलग से मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं है। उनके जीवन का समूचा अभियान, संस्कार, संगठन, शक्ति और समरसता के लिए समर्पित रहा है।

# काव्य गोष्ठी में गीतों की बही रसधार कवियों ने दी शानदार प्रस्तुति





छंदशाला की मासिक काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छंदशाला की मासिक काव्यगोष्ठी का आयोजन छंदशाला की संयोजिका के नर्मदा नगर निवास में आयोजित किया गया। जिसमें छंदशाला के कवियों ने एक से बढ़कर एक गीत की प्रस्तुति दी। गीतकार विनय पाठक ने अपने मधुर आवाज में शुचि अनुराग सतत हितकारी, दुर्लभ है सत्संग गाकर कार्यक्रम की शुरुआत किया।

उसके बाद कवि शैलेंद्र गुप्ता ने अंग-अंग की कहानी, सुन लो मेरी जुबानी, ओमप्रकाश भट्ट ने बातों से कब मान सके हैं लातों के हकदार जो, निर्दय हो निर्दोष जनों पर करते घातक वार जो, देवेंद्र शर्मा 'पुष्प' ने बालगीत तोड़ो सूरज का अभिमान, आओ बालवीर हनुमान, राजेश सोनार ने तपती हवाओं से सब त्रस्त हैं, फिर भी भौतिक सुखों में अभी मस्त हैं, डॉ. सुनीता मिश्रा ने श्रृंगार गीत मेरे मन की मथुरा हो तुम, मैं तेरी वृंदावन हूं, कवयित्री कामना पांडेय, सुषमा पाठक, गीता नायक, ललिता यादव ने प्रासंगिक विषय पर लिखे गीत का पाठ किया। वहीं बुधराम यादव, ध्रुव देवांगन और राजेंद्र तिवारी ने छत्तीसगढ़ी पर रचित सुमधुर और पारंपरिक गीत गाकर वाहवाही बटोरी। गोष्ठी की खास बात यह रही कि छंदशाला पटल पर गीतों का अभ्यास चल रहा है, जिसमें हर दिन अलग-अलग विषय दिया जाता है। जिसपर छंदशाला के सक्रिय छंद साधकों द्वारा गीतों का सृजन किया जाता है। गोष्ठी में अभ्यास काल के गीतों को ही पढ़ा गया और गीतों की रसधार ऐसी बही कि हरेक ने दो-दो गीतों को गाकर समां बांध दिया। इस आयोजन में छंदशाला के सभी सदस्य रचनाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शैलेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कवयित्री डॉ. सुनीता मिश्रा ने व आभार प्रदर्शन छंदशाला के अध्यक्ष विनय पाठक ने किया।

चालों का नहीं, बल्कि सोच का खेल, 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा

# शतरंज प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी राज्यस्तरीय में करेंगे प्रतिनिधित्व

स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में अंडर-7, अंडर-9 एवं अंडर-11 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर गेम्स एकेडमी, सीएमडी चौक के पास किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली बाल शतरंज खिलाड़ियों को मंच देना एवं आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन करना था। इस प्रतियोगिता में कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने न केवल अपनी शतरंज कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि अनुशासन, धैर्य और रणनीतिक सोच के स्तर पर भी सबका ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि संदीप गुप्ता ने प्रतिभागियों को अनुशासन और प्रतिबद्धता के महत्व को समझाते हुए कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है, जो केवल चालों का नहीं, बल्कि सोच का खेल है। जो बच्चा नियमित अभ्यास करता है, समय का पालन करता है, और पूरे समर्पण से अपने लक्ष्य पर केंद्रित होता है,वही खिलाड़ी जीवन में भी जीतता है। उन्होंने कहा कि आज के युग में जब बच्चों का ध्यान मोबाइल और सोशल मीडिया की ओर बढ़ता जा रहा है, ऐसे में शतरंज जैसे खेलों से उनका मानसिक विकास, एकाग्रता और धैर्य में अत्यधिक वृद्धि होती है। शतरंज जीवन का प्रतिबिंब है, हर चाल सोच-समझकर चलनी होती है। यही सोच जीवन के हर मोड़ पर बच्चों को सफलता दिलाएगी। कार्यक्रम के अंत में संघ के सचिव विक्रांत कक्कड़ ने समस्त अतिथियों, खिलाड़ियों, अभिभावकों, निर्णायकों एवं आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया।



### खेलों में भविष्य की नींव

जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने विशेष रूप से अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा,शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। खेल, विशेषकर शतरंज, बच्चों के मानसिक संतुलन, रणनीतिक सोच और आत्म-विश्वास को निखारते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें और उनका मनोबल बढ़ाएं। खेल जीवन में नेतृत्व, निर्णय लेने की क्षमता और आत्म-नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करता है। इसलिए हर माता-पिता को चाहिए कि वे खेलों को भी बच्चे के करियर के रूप में गंभीरता से लें।

### प्रतियोगिता में यह बने विजेता

अंडर-7 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अनवय अग्रवाल, द्वितीय स्थान चरित सिंघल, अंडर-9 बालक वर्ग प्रथम स्थान अरमान उभरानी,द्वितीय स्थानआर. हरीश,अंडर-9 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान समायरा उभरानी, द्वितीय स्थान अनुषा मुरारका ने प्राप्त किया। इसी तरह अंडर-11 बालक वर्ग में प्रथम स्थानसोहम मिश्रा,द्वितीय स्थान अद्विक अग्रवाल,अंडर-11 बालिका वर्ग प्रथम स्थान अकीरा बिस्वास,द्वितीय स्थान आरना सिंह ने प्राप्त किया। इन सभी 10 विजेताओं का चयन 15 एवं 16 मई को बेमेतरा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहाँ वे बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**खबर संक्षेप**

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से हमला



**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, घुरू निवासी राहुल यादव पिता अशोक यादव शादी में डेकोरेशन का काम करता है। 21 अप्रैल को सुबह 8 बजे वह माता चौरा के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान श्रीवास मोहल्ले में रहने वाला सन्नी कौशिक आया और पुरानी बात को लेकर राहुल के साथ जबरन झगड़ा कर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे राहुल के बाएं हाथ व चेहरे पर चोट आई। पुलिस ने राहुल की रिपोर्ट पर हमलावर सन्नी कौशिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## करंट से मवेशी की मौत ग्रामीण पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत हो गई है। पुलिस ने कांटा तार में करंट लगाने वाले ग्रामीण के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, बेलतरा भदरापारा निवासी किसान संतोष नेताम रोज की तरह 20 अप्रैल को घर के मवेशी को चरने के लिए गांव में छोड़ दिया था। इसी दौरान उसका मवेशी अशोक धीवर के खेत के चारों ओर लगे कांटा तार को पार कर रहा था तब करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। संतोष नेताम ने आरोप लगाया है कि अशोक धीवर के द्वारा लगाए गए करंट की जाल में फंसकर कई मवेशियों की मौत हो गई, जिसे उसने जमीन में दबा दिया है। पुलिस ने संतोष नेताम की रिपोर्ट पर अशोक धीवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 10, 4, 325 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिलासपुर।** खराब ट्रांसफार्मर को सुधारते ठेका कर्मचारी करंट लगाने से गंभीर रूप से झुलस गया। युवक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना 20 अप्रैल की है। सोमवार को युवक का पीएम किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मस्तूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कर्रा के वार्ड क्र.17 बंजरपारा मोहल्ला में लगे ट्रांसफार्मर में कुछ खराबी आने से पिछले कुछ दिनों से मोहल्ले में बिजली आपूर्ति बाधित थी। बिजली विभाग में ठेका कर्मचारी व ग्राम लिमतरा निवासी उमेश कुमार कुर्मी पिता अशोक कुर्मी उम्र लगभग 32 वर्ष रविवार को शाम 4 ट्रांसफार्मर में चढ़ मरम्मत कर रहा था। इस दौरान उसका हाथ 11 केव्ही तार से टकरा गया। जिससे वह झुलसकर नीचे गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल बिलासपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने परीक्षण उपरांत उमेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिम्स भेज दिया। सोमवार को युवक का पीएम किया गया है। बताया जा रहा है कि युवक बिजली विभाग में ठेका कर्मचारी है, परिजनों ने उसकी मौत के बाद विभाग ने मुआवजे की मांग की है।

**एक्सरे रूम के सामने शार्ट सर्किट** दिन भर हलाकान रहे मरीज, डाक्टरों ने मोबाइल की रोशनी में किया इलाज

# केबल जला, 8 घंटे तक जिला अस्पताल में बंद रही बिजली, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल के पुरानी बिल्डिंग में सोमवार को अचानक शार्ट सर्किट के कारण ग्राउंड फ्लोर की बिजली बंद हो गई। सुबह 11 बजे से बंद बिजली शाम 7 बजे तक नहीं आई। पीडब्ल्यूडी और अस्पताल स्टाफ बिजली सुधार कार्य में लगे रहे, लेकिन मरीजों का बुरा हाल रहा। 43 डिग्री तापमान में उन्हें पसीने से तरबतर होना पड़ा। खास बात यह है कि इस दौरान प्रबंधन की लापरवाही सामने आई। सुबह 11 बजे हुई घटना के बाद सुधार कार्य में 8 घंटे से अधिक समय लगाया गया।

जिला अस्पताल में मरीजों को होने वाली समस्याओं से प्रबंधन को सरोकार नहीं है। सामेवार को इसकी मिशाल देखने को मिली। दरअसल एक्सरे रूम के बाहर लगे पैनेल बोर्ड के आसपास शार्ट सर्किट के कारण केबल जल गया। इस दौरान





बिजली के उपकरण खराब हो गए। यह घटना सुबह 11 बजे हुई, लेकिन इसके बावजूद 1 बजे के बाद प्रबंधन के डाक्टर और स्टाफ मरीजों छोड़ गायब हो गए। शाम 4 बजे तक स्थिति नहीं सुधरी और फिर से ओपीडी में मरीजों का देखने का सिलसिला जारी रहा, इस दौरान मोबाइल की रोशनी में डाक्टर मरीजों का इलाज करते रहे। शाम 7 बजे तक बिजली नहीं आने के कारण मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब रात 8 बजे के बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। खास बात यह है कि इस दौरान अस्पताल में प्रबंधन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था, ऐसे में मरीजों को आधा अधूरा इलाज ही मिल सका। एक्सरे और पैथोलैब की सुविधा नहीं मिल सकी। प्रबंधन का कहना है कि इस दौरान जनरेटर नहीं चलाया जा सकता था ऐसे में सोलर पैनल के सहारे बिजली जारी रखी गई थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी को 5 घंटे से अधिक का समय बिजली सुधार में लग गया।

### अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन नहीं

रोजाना 400 से अधिक मरीज जिला अस्पताल में इलाज के लिए आते है, जिला अस्पताल के साथ ही मातृ एवं शिशु अस्पताल भी यहां मौजूद है, आईसीयू और अन्य सुविधा भी राज्य सरकार द्वारा मुहय्या कराया जा रहा है लेकिन ताज्जूब की बात यह है कि जिला अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन तक नहीं है। एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी पालन सिंह 16 साल से इलेक्ट्रीशियन का काम देखता था, उसे भी सिविल सर्जन ने हटा दिया है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि प्रबंधन के अधिकारी लापरवाही करते हुए बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार कर रहे है।

### यहां पसरा रहा अंधेरा

एमआरडी और काउंटरों में अंधेरा पसरा रहा, इस दौरान कैजुवल्टी, ओपीडी, पैथोलैब, एक्सरे रूम, डेंटल, आर्थो और नेत्ररोग विभाग में डाक्टर मौजूद रहे लेकिन उन्हें भी पसीने से तरबतर होना पड़ा। इसी हालत में वे शाम को मरीजों का इलाज भी किया।

### शुरू की गई है सप्लाई

बिजली बंद आपदा है, फिर भी बंद होने की जानकारी मिलते ही स्टाफ को लगाया गया था। जनरेटर चालू नहीं किया जा सकता था, इससे रिवर्स करंट का अंदेशा होता है। सोलर सिस्टम से बेकअप लेकर कर काम किया गया है। पीडब्ल्यूडी द्वारा 5 घंटे की मशक्कत के बाद बिजली सप्लाई शुरू की गई है। इस दौरान मरीजों को दिक्कत नहीं हुई है। प्रथम व द्वितीय तल में बिजली सप्लाई थी।

**-डॉ अनिल गुप्ता,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

तेलीपारा स्थित नंदू गैरेज के पीछे की घटना से क्षेत्र में मचा हड़कंप

# शराब पीकर गाली गलौज करने से त्रस्त भतीजे ने चाकू मारकर की चाचा की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आए दिन शराब पीकर घर में गाली-गलौज करने से त्रस्त भतीजे ने अपने चाचा के पेट में चाकू से हमला कर दिया। उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया तेलीपारा नंदू गैरेज के पीछे रहने वाले दिनेश गुप्ता 40 साल एक निजी संस्थान में काम करता था। वह शराब पीने के आदी था और आए दिन घर में गाली-गलौज किया करता था, जिससे घरवाले त्रस्त थे। रविवार की रात 10 बजे दिनेश गुप्ता नशे में घर आया और गाली गलौज करने लगा। उनका भतीजा सुमित गुप्ता 25 साल पहले से शराब पीकर घर में था। उसने चाचा को दीदी जीजा के आने की बात कहते हुए गाली-गलौज करने से मना किया। दिनेश गुप्ता अपने साथ लेकर आए शराब को दिखाते हुए सुमित को पीने के लिए कहा, उसने पीने से मना कर दिया। सुमित घर के अंदर गया तो दिनेश भी अंदर जाकर हंगामा मचाने लगा। इस पर सुमित कमरे से चाकू लेकर आया और अपने चाचा के पेट में हमला कर दिया। मुकेश गुप्ता ने सुमित को पकड़कर रोका। दिनेश को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते टीआई विवेक पाण्डेय, गजेन्द्र शर्मा, गोकूल जांगड़े मौके पर पहुंचकर हमलावर सुमित गुप्ता को पकड़कर थाने ले जाए। पूछताछ में उसने हत्या करना स्वीकर कर लिया। 21 अप्रैल को पुलिस ने मुकेश गुप्ता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 103, 1 के तहत आरोपी सुमित गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है।



वारदात के बाद घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन।

### मां ने कहा तोला तो फांसी हो जाए नहीं छोड़ाव

सोमवार को पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद करने के लिए आरोपी सुमित गुप्ता को उसके घर लेकर गई। उसे देखते ही उसकी मां आग बबूला हो गई और गाली-गलौज करते हुए कहा तोला तो फांसी हो जाए, नहीं छोड़ाहूं। आरोपी भी अपने मां के साथ गाली-गलौज करने लगा, जिससे गहमा गहमी का माहौल हो गया था।



दुकान के सामने रखे सामान को जब्त करते निगम कर्मी।

# राजीव प्लाजा के पास फुटपाथ पर कब्जा

## हटाने गए निगम अमले से झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रैफिक की बाधा दूर करने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को शहर भर में अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्रवाई की। दुकान का सामान रोड पर रखने वालों पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 40 से अधिक दुकानदारों को हटाया।

इस दौरान नेहरू नगर, कारगिल चौक, स्मार्ट सिटी रोड से कब्जे हटाए गए और 10 ट्राली सामान जब्त किया गया। मंगला चौक से होते हुए गौरव पथ, महाराणा प्रताप चौक, सीएमडी चौक पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान पुराने बस स्टैंड और पुराने हाईकोर्ट के सामने जमकर विवाद और झूमाझटकी हुई। पुलिस की मौजुदगी में निगम अमले ने सामान जब्ती की और चेतावनी दी है कि कार्रवाई जारी रहेगी। राजीव प्लाजा के पास फुटपाथ पर कब्जा कर ठेले लगा लिए गए थे। इन्हें हटाने के दौरान निगम अमले के साथ दुकानदारों ने झूमाझटकी भी की।

■ मंगला चौक से होते हुए गौरव पथ, महाराणा प्रताप चौक, सीएमडी चौक पर चला अतिक्रमण अभियान

नगर निगम की ओर से दुकानदारों से कहा है कि, वह अपना सामान दुकान के अंदर रखें, वरना सामान बाहर रखने पर पेनाल्टी लगाई जाएगी। निगम ने नेहरु नगर के गणेश चौक से कार्रवाई की शुरूआत की। कारगिल चौक में फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद नगर निगम और पुलिस की टीम ने सत्यम टाकीज चौक से अग्रसेन चौक, टेलिफोन एक्सचेंज रोड होते हुए टैगोर चौक तक सड़क के दोनों ओर दुकान के बाहर रखे सामानों को हटाया। दिन भर चले निगम के अभियान के दौरान दुकानों का सामान, बोर्ड, कुर्सी टेबल, नुमाइशी पुतले, ठेले आदि जब्त किए गए।

अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा के मुताबिक दुकानदारों ने दुकान का सामान बाहर रख कर माल बेचने की होड़ लगी रहती है। इसका असर ट्रैफिक पर पड़ता है। वाहनों को आवागमन के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती तब बार-बार जाम की नौबत आती है।



सड़क पर रखे ठेले को काउकेचर में रखते कर्मचारी।

## प्रधान आरक्षक के सूने मकान से जेवर, कार चोरी

**पेट्रोल खत्म होने पर कार छोड़कर भागे**



**बिलासपुर।** आरपीएफ प्रधान आरक्षक के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला। कीमती जेवर के साथ चाबी हाथ लगने पर वे उनकी कार चोरी कर भाग निकले। कुछ दूर जाने के बाद पेट्रोल खत्म होने से कार खड़ी कर चोर भाग गए। जिससे कार सुरक्षित मिल गई है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, महमंद शिव विहार कालोनी निवासी देव कुमार डडसेना पिता कैलास डडसेना 48 साल आरपीएफ में प्रधान आरक्षक हैं और उनकी अनूपपुर में पोस्टिंग है। 14 अप्रैल को उनकी पत्नी बच्चों के साथ घर के दरवाजे में ताला लगाकर अनूपपुर उनके पास चले गए थे। इधर सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर आराम से पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का चेन, पायल, बिछिया, करधन समेट लिया। खोजबीन के दौरान घर के सामने खड़ी सैलेरिया कार की चाबी हाथ लग गई। उसके बाद चोर सीसीटीवी कैमरे का हार्ड डीस्क निकालकर उनकी कार लेकर भाग निकले। कुछ दूर जाने के बाद कार का पेट्रोल खत्म हो गया। इससे आनन फानन में चोर उनकी कार छोड़कर भाग निकले। 20 अप्रैल को पड़ोसियों ने उनके घर में चोरी होने की जानकारी दी। उसके बाद वे अपने घर पहुंचे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और घर के कुछ दूरी पर कार खड़ी हुई मिली। श्री डडसेना ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस उनके घर जाकर मुआयना करने के बाद लौट गई। पुलिस ने श्री डरसेना की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सुशासन तिहार में 10 फरार वारंटी पकड़े गए

**बिलासपुर।** सुशासन तिहार में सीपत पुलिस ने फरार 10 वारंटियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है।

सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया कि एसएसपी रजनेश सिंह ने सुशासन तिहार के मद्देनजर बदमाश, फरार आरोपी व वारंटियों की तामिली व अवैध शराब बिक्री, आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने दिशा निर्देश दिया है। 21 अप्रैल को श्री सतपथी ने स्टाफ के साथ विभिन्न मामलों में फरार वारंटी आशुतोष विश्वकर्मा 32 साल देवरी, सुधीर सिंह मवार 35 साल सोंठी, मनीष कुमार दुबे 32 साल देवरी, नंद कुमार रजक 35 साल गुड़ी, रघुवीर सिदार 28 साल झलमला, रोशन खरे 19 साल सीपत, गुलशन खरे 18 साल सीपत, हेतराम श्याम 32 बनियाडीह, अमन साहू 22 साल गुड़ी, शैलेन्द्र शिकारी 20 साल मटियारी निवासी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है।



## छत्तीसगढ़ स्कूल के पूर्व प्राचार्य की तालाब में मिली लाश

**बिलासपुर।** तड़के साइकिल से मार्निंग वाक पर निकले छत्तीसगढ़ स्कूल के पूर्व प्राचार्य की तालाब में लाश मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सरकण्डा थाने के एएसआई देवेन्द्र तिवारी ने बताया, खमतराई शर्मा विहार निवासी सुशील कुमार तिवारी पिता स्व. सिद्ध गोपाल तिवारी 65 साल छत्तीसढ़ स्कूल के पूर्व प्राचार्य थे। वह अपनी पत्नी के साथ रह रहे थे, उनका बेटा प्रांजल तिवारी दिल्ली में नौकरी करते है। रोज की तरह 21 अप्रैल को सुबह 5 बजे घर से साइकिल में मार्निंग वाक पर निकले थे। सुबह 8.30 बजे तक घर नहीं लौटे तो उनकी पत्नी घबरा गई और अपने मायके गोड़पारा में जानकारी दी। रिश्तेदारों के द्वारा खमतराई के आसपास उनकी तलाश की गई। इसी दौरान खमतराई अमलहा तालाब के किनारे उनकी साइकिल, पेंट, मोबाइल कवर, चप्पल, टोपी रखा हुआ मिला।



■ साइकिल से निकले थे मार्निंग वाक पर

रिश्तेदारों ने सरकण्डा पुलिस को सूचना दी। इस पर एसडीआरएफ की टीम ने तालाब में तलाश की तो उनका शव मिला। उनके चेहरे में चश्मा लगा हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि शौच के दौरान वह तालाब में गिरकर डूब गए। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## पुलिस ने गुट बनाकर खड़े युवकों को खदेड़ा

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर गुट बनाकर खड़ा होने वाले युवकों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी देकर खदेड़ा। सुशासन तिहार के मद्देनजर सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने सोमवार को स्टाप के साथ गणेश नगर, शांति नगर, मरीमाई मंदिर, जीनत विहार के पास दबिश देकर गुट बनाकर खड़े होने वाले युवकों को पकड़ा और आपराधिक गतिविधियों में शामिल न होने की समझाईश दी तथा शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात कही।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## चाकू रखकर अशांति फैलाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू रखकर लोगों को डराने धमकाने वाले दो बदमाश युवकों को पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ा है। उनके पास से दो चाकू बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

20 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे तालापारा मरीमाई रोड में पत्नी से अवैध संबंध होने पर दूधवाले चकरभाठा पिरईया निवासी जयपाल साहू के सिर व गर्दन पर मो. मोबिन ने चापड़ से 6 से 7 वार कर दिया था, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने घटना को गंभीरता से लेते हुए पूरे इलाके में सख्ती से पेट्रोलिंग कर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था। टीआई एसआर साहू के निर्देश पर प्रधान आरक्षक विकास सेंगर, अतुल सिंह, अशीष राठौर, रितेश मिश्रा पेट्रोलिंग गाड़ी में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तालापारा बजरंग चौक के पास एक युवक हाथ में चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पेट्रोलिंग पार्टी ने मौके पर दबिश देकर आदिल खान पिता स्व. रहीम खान 25 साल को पकड़कर चाकू बरामद किया है। उसके बाद सूचना मिली कि मंगला दीनदयाल कालोनी के पास एक युवक चाकू रखकर लोगों को डरा धमका रहा है। पेट्रोलिंग पार्टी ने दुर्ग छावनी हालमुकाम दीनदयाल कालोनी निवासी रवि शर्मा पिता स्व. तारकेश्वर शर्मा को पकड़कर चाकू बरामद किया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत चाकू जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025,
18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884



ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ,
नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर,
भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर,
रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर,
शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)